दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 70 | ग्वालियर रविवार 19 दिसम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



6 पेज



पेज 7

## न्यूज ट्रैक

### रामलीला मैदान में किसान गर्जना रैली के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



**नई दिल्ली।** भारतीय किसान संघ की किसान गर्जना को लेकर दिल्ली पुलिस की तरफ से न केवल सुरक्षा के बंदोबस्त किए हैं बल्कि यातायात के इंतजाम भी किए गए हैं. सोमवार को सप्ताह का पहला कामकाजी दिन होता है, ऐसे में किसान रैली में आने वाली भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने आम जनता के लिए ट्रैफिक डायवर्जन सुझाए हैं. ट्रैफिक डायवर्जन की अगर बात करें तो महाराजा रणजीत सिंह मार्ग, मीरदर्द चौक, बाराखंभा रोड से गुरु नानक चौक तक रणजीत सिंह फ्लाईओवर, इसके अलावा, मिंटो रोड आर/एल से आर/ए कमला बाजार और विवेकानंद मार्ग, जेएलएन मार्ग (दिल्ली गेट से गुरु नानक चौक) आर/ए कमला मार्केट से गुरु नानक चौक, चमन लाल मार्ग, आसफ अली रोड की ओर अजमेरी गेट, पहाड़गज चौक और झंडेवालान गोल चक्कर, देश बंधु गुप्ता रोड से अजमेरी गेट तक, इन सभी इलाकों में ट्रैफिक डायवर्जन देखने को मिल सकता है. पुलिस का कहना है कि अगर यातायात जाम जैसे हालात बनते हैं तो इन मार्गों पर यातायात प्रतिबंध लगाया जा सकता है, जो सोमवार सुबह 9 बजे से लगाया जा सकता है. ये मार्ग कुछ इस तरह हैं महाराजा रणजीत सिंह मार्ग, मीरदर्द चौक, बाराखंभा रोड से गुरु नानक चौक तक रणजीत सिंह फ्लाईओवर. मिंटो रोड आर/एल से आर/ए कमला बाजार. विवेकानंद मार्ग. जेएलएन मार्ग (दिल्ली गेट से गुरु नानक चौक) आर/ए कमला मार्केट से गुरु नानक चौक. चमन लाल मार्ग. असफ अली रोड की ओर अजमेरी गेट, पहाड़गज चौक और झंडेवालान गोल चक्कर, देश बंधु गुप्ता रोड से अजमेरी गेट तक. ट्रैफिक गाइडलाइन्स जारी करते हुए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की है कि इन मार्गों पर सफर करने से बचें. इसके अलावा, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, पुरानी दिल्ली, निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्री समय से पहले पहुंचने की कोशिश करें. साथ ही दिल्ली ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि ज्यादा से ज्यादा लोग सार्वजनिक वाहनों का प्रयोग करें.

### डेडबॉडी के टुकड़ों को ठिकाने लगाने के लिए गूगल मैप्स का किया इस्तेमाल



**जयपुर।** जयपुर में अपनी 65 साल की ताई की बेरहमी से हत्या कर शव को मार्बल कटर से काटने के बाद शातिर हत्यारे ने शव के टुकड़ों को सही जगह फेंकने के लिए गूगल मैप्स का यूज किया था. इससे पता चलता है कि हत्यारा अनुज कितना शातिर है. पुलिस ने बताया है कि उसकी उम्र करीब 32 साल है और उसने बीटेक की पढ़ाई की है. वह साल 2013 से हरे कृष्ण आंदोलन से जुड़ा हुआ था और हाल तक इस्कॉन के साथ काम कर रहा था. विद्याधर नगर थाना के एसएचओ विरेंद्र कुलिन ने बताया कि, जयपुर निवासी अनुज ने पहले हथौड़े से अपनी ताई की हत्या की फिर उसके शव को टुकड़ों में काटा. जिस तरह से उसने शरीर को ठिकाने लगाने के लिए गूगल मैप्स का इस्तेमाल किया और तथ्यों को छिपाने की कोशिश की, वह दिखाता है कि वह कितना चालाक है. जांच से पता चलता है कि उसने मामूली झगड़ों के कारण ऐसा किया. लेकिन इस तरह की हत्या से पता चलता है कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, चालाक होने के साथ ही वह पागल भी है.


एसएचओ ने बताया कि कल कोर्ट से हमें हत्या के आरोपी अनुज का 20 दिसंबर तक का रिमांड मिला है. अब घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू या कटर जो भी हो उसे बरामद करना है, कुछ विस्तृत पूछताछ करनी है जिसके लिए उसे रिमांड लिया गया है. डीसीपी नॉर्थ जयपुर, परिस देशमुख ने बताया कि,11 दिसंबर को अनुज ने रिपोर्ट दी कि उसकी ताई गायब है, लेकिन उसके बयान में विरोधाभास लगा और जांच में पता चला कि अनुज ने अपनी ताई की हथौड़े से हत्या की और शव को चाकू और मार्बल कटर से टुकड़े करके बैग और बाल्टियों में भरकर सुनसान जगह पर फेंक दिया.

**पुलिस ने कैसे सुलझाया मामला**–ताई की हत्या का आरोपी अनुज शर्मा उर्फ अचत्य गोविंद दास ने खुद ही पुलिस को फोन किया और ताई की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई और कहा कि उसकी ताई सरोज शर्मा सुबह मंदिर गई थीं और तब से लापता हैं. शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने महिला की तलाश शुरू की लेकिन सीसीटीवी फुटेज देखने पर अनुज पर शक हुआ. उसके बयान भ्रामक पाए गए, जिसके बाद उसकी गतिविधियों पर नजर रखी गई. सीसीटीवी फुटेज में वह सूटकेस लेकर अपने घर से निकलते नजर आया. किसी रिश्तेदार ने उसे घर के किचन के पास खून के धब्बे साफ करते देखा था. पूछताछ के दौरान, उसने स्वीकार किया कि उसने 11 दिसंबर को अपनी ताई की हथौड़े से मारकर हत्या कर दी थी. पुलिस ने कहा कि पीड़िता अपने पिता के बड़े भाई की पत्नी थी और 1995 में अपने पति की मृत्यु के बाद से उनके साथ रह रही थी. 11 दिसंबर को अनुज शर्मा दिल्ली जाना चाहता था, लेकिन महिला ने जाने से इनकार कर दिया, जिसके कारण दोनों के बीच तीखी बहस हुई और उसने रसोई में रखे हथौड़े से उसे मारा था. इसके बाद आरोपी शव को घसीटते हुए बाथरूम में ले गया और मार्बल कटर से उसके आठ-10 टुकड़े कर दिए. आरोपी शव के टुकड़ों को एक सूटकेस में भरा और दिल्ली राजमार्ग पर अलग-अलग जगहों पर फेंक दिया. शरीर के अधिकांश हिस्से बरामद कर लिए गए हैं.

## चीन से तनाव के बीच नॉर्थ-ईस्ट से बोले पीएम मोदी- सीमा पर तेजी से चल रहा निर्माण का काम, गांव लौटेंगे लोग

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर भारत के दौरे पर हैं. मेघालय की राजधानी शिलॉन्ग में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नॉर्थ-ईस्ट के विकास से जुड़ी अड़चनों को हमने रेड कार्ड दिखाया है. भाई भतीजावाद, हिंसा, भ्रष्टाचार और वोट बैंक की राजनीति को बाहर करने के लिए ईमानदारी से प्रयास कर रहे है. देश जानता है कि इन बीमारियों की जड़ें बहुत गहरी हैं, इसलिए हम सभी को मिलकर इसे हटाना है. पीएम मोदी ने आगे कहा कि स्पोर्ट्स को लेकर केंद्र सरकार लगातार आगे बढ़ रही है. देश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी नॉर्थ ईस्ट में है. यहां इस तरीके के 19 प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है. आज फुटबॉल वर्ल्ड कप फाइनल हो रहा है और मैं फुटबॉल के मैदान में हूं. मैच कतर में हो रहा है, लेकिन उत्साह और उमंग यहां भी कम नहीं है.

**हमारे इरादे और कार्यशक्ति में बदलाव**–पीएम मोदी ने कहा, आज भले ही हमारी नजर कतर पर है, मैदान में जो टीमें हैं उन पर है, लेकिन मेरी नजर आप सबके सामने है. मुझे विश्वास है कि हम भारत में भी ऐसा ही उत्सव तिरंगे के सामने मनाएंगे. आज बदलाव हमारे इरादे और कार्य शक्ति में आया है. प्रक्रिया और परिणाम में भी बदलाव आया है. संकल्प आधुनिक भारत के निर्माण का है. 7 लाख करोड़ रुपया यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए खर्च कर रहे हैं. पीएम ने आगे कहा, उत्तर पूर्व के युवाओं के लिए रास्ते खुले हैं. सरकारें जिस नियत से नॉर्थ ईस्ट के विकास के लिए काम करती थीं, हमने उसे बदल



दिया है. हमने कार्य संस्कृति को बदला है. नॉर्थ ईस्ट के युवाओं के लिए डिजिटल कनेक्टिविटी के जरिए नए अवसर पैदा हो रहे हैं. शांति और विकास की राजनीति का सबसे अधिक लाभ जनजातीय समुदाय को हुआ है. प्रधानमंत्री ने कहा, बीते आठ सालों में कई संगठनों ने हिस्सा का रास्ता छोड़ा. स्रस्क्र की जरूरत न पड़े, इसलिए राज्य सरकार के साथ मिलकर स्थितियों को सुधारा जा रहा है. हमारे लिए नॉर्थ ईस्ट बॉर्डर एरिया आखिर छोर नहीं है. दूसरे देशों से व्यापार और कारोबार भी यहीं से होता है. आज डंके की चोट पर बॉर्डर पर नई सड़कें, नई रेल लाइन जो भी आवश्यक है, उसके निर्माण का काम तेजी से चल रहा है. जो सीमावर्ती गांव पहले वीरान हुआ करते थे, उन्हें हम वाइब्रेंट बनाने में जुटे हैं. पीएम मोदी ने आगे कहा कि पहले सोचा जाता था कि सीमा पर सुविधा होगी तो दुश्मनों को फायदा होगा. क्या अब यह सोचा भी जा सकता है ? आज सीमा पर एक के बाद एक निर्माण का काम तेजी से चल रहा है. हम सीमा पर गति लाने का प्रयास कर रहे है, गांव छोड़कर जाने वाले वापस आएंगे.

**पूर्वोत्तर परिषद का स्वर्ण जयंती समारोह**–मेघालय की राजधानी शिलांग में रविवार को पूर्वोत्तर परिषद का स्वर्ण जयंती समारोह का भी आयोजन किया गया. पीएम मोदी के अलावा, गृह मंत्री अमित शाह और पूर्वोत्तर के सात राज्यों के मुख्यमंत्री भी शिलांग में आयोजित पूर्वोत्तर परिषद के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुए. गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर विकास के पथ पर आगे बढ़ा है. पूर्वोत्तर में शांति है. इससे पहले, को निरस्त करने के लिए बहुत सारी मांगें की गई थीं. अब किसी को मांग करने की जरूरत नहीं है. दो कदम आगे बढ़कर सरकार स्रस्क्र को निरस्त करने की पहल कर रही है.

## निर्दयी हैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, आंकड़े छिपा रही सरकार, शराब से हुई मौतों पर बोले सुशील मोदी

**नई दिल्ली।** बिहार में जहरीली शराब पीने से हुई मौत को लेकर बीजेपी नेता और राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की. इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में कभी अपने पुराने सहयोगी रहे नीतीश कुमार पर तीखी टप्पणी करते हुए उनको निर्दयी और असंवेदनशील करार दिया. सुशील मोदी ने कहा कि उन्होंने छपरा में जहरीली शराब त्रासदी में जान गंवाने वालों के लोगों के परिवार वालों से मुलाकात की. उन्होंने दावा किया कि बिहार में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 100 को पार कर गई है लेकिन नीतीश सरकार संख्या छिपा रही है. उन्होंने कहा कि पुलिस के डर से लोग बिना पोस्टमॉर्टम किए ही अपने परिवार के सदस्यों का अंतिम संस्कार कर रहे हैं.

**दलित और पिछड़ा विरोधी हैं नीतीश कुमार**–सुशील मोदी ने कहा कि थाने से जहरीली शराब की आपूर्ति हो रही है. सुशील मोदी ने अपील करते हुए कहा कि जीतन राम मांझी को दलित के बीच जाना चाहिए. जब शराबबंदी कानून बना था तो हमलोग बिहार में



विपक्ष में थे. उन्होंने यह भी कहा कि नीतिश सरकार दलित और अति पिछडा विरोधी है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने शराबबंदी के बावजूद 2016 में गोपालगंज के पीड़ितों को मुआवजा दिया था. अब उनका कहना है कि सारण पीड़ितों को मुआवजा दिए जाने से शराबबंदी प्रभावित होगी. इससे पता चलता है कि वह हर मामले में यू-टर्न लेते रहे हैं.

**निर्दयी और संवेदनहीन सीएम**–सुशील मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार मौत का आंकडा एनसीआरबी को भी नहीं देती है. शव को पोस्टमार्टम के बिना जलाया जा रहा है. अस्पताल में इलाज का अभाव था और यहां पर गरीब लोगों की मौत हुई है. प्रशासन ने यह इंतजाम किया है कि जो पीएगे वो मरेगा. उन्होंने सीएम नीतीश कुमार पर टिप्पणी करते हुए कहा कि सीएम निर्दयी और संवेदनहीन हैं.

**शराब से हुई मौतों पर क्या बोले थे सीएम नीतीश कुमार**–बिहार के छपरा बाकी के अन्य जिलों से जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत पर मुआवजा देने से मना करते हुए सीएम नीतीश कुमार ने कहा था कि शराब गंदी चीज है. जो पिएगा वो मरेगा.

## 'हम एक जिम्मेदार न्यूक्लियर स्टेट', एटम बम की धमकी देने वाली पाक मिनिस्टर शाजिया मर्री ने छेड़ा नया शिगूफा



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की मंत्री शाजिया मर्री ने एक दिन पहले बिलावल भुट्टो के समर्थन में भारत को एटम बम की धमकी दी. अब उन्होंने एक बार फिर विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के बयान का समर्थन किया है जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था. उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा है कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने भारतीय मंत्री की भड़काऊ टिप्पणियों का जवाब दिया है. आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पाकिस्तान ने भारत से कहीं ज्यादा कुर्बानी दी है. इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि पाकिस्तान एक जिम्मेदार न्यूक्लियर स्टेट है. इससे पहले उन्होंने भारत को धमकाते हुए कहा था कि भारत को ये नहीं भूलना चाहिए पाकिस्तान एक न्यूक्लियर स्टेट है. हमारा न्यूक्लियर स्टेटस चुप रहने के लिए नहीं है. अगर जरूरत पड़ी तो हम पीछे नहीं हटेंगे.

**शाजिया मर्री को कल वाला बयान**–शाजिया मर्री ने भारत सरकार को धमकाते हुए कहा कि अगर सरकार लड़ेगी तो फिर वो जवाब भी सुनेगी. हमको जो न्यूक्लियर स्टेट का दर्जा मिला है वो खामोश रहने के लिए नहीं रखा है. पाकिस्तान जवाब देना भी जानता है. बिलावल भुट्टो ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर एक विवादित बयान दिया था. कुछ दिनों पहले पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने पीएम नरेंद्र मोदी के बारे में अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए कहा था कि ओसामा बिन लादेन मारा गया, लेकिन गुजरात का कसाई जिंदा है. इस को लेकर भारत ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी थी. संयुक्त राष्ट्र में बिलावल के इस बयान पर भारत ने कहा था कि पाकिस्तान के पास भारत पर आक्षेप लगाने के लिए साख की कमी है और पाकिस्तान में पल रहे आतंकवाद को रोकना होगा. भारत ने पाकिस्तान पर हमला करते हुए कहा कि पाकिस्तान वो देश है जो ओसामा बिन लादेन को शहीद की तरह बखान करता है और जकीउर रहमान लखवी, हाफिज सईद, मसूद अजहर, साजिद मीर और दाऊद इब्राहिम जैसे आतंकियों को पनाह देता है.

## जयपुर में ताई की हत्या कर लाश के टुकड़े करने वाला आरोपी भतीजा है साइको, पुलिस को शक

**नई दिल्ली।** राजस्थान के जयपुर में 60 वर्षीय सरोज शर्मा की हत्या के मामले में पुलिस ने कहा है कि आरोपी मनोरोगी हो सकता है. इस केस में आरोपी मृतका का भतीजा है. समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, विद्यानगर पुलिस ने रविवार (18 दिसंबर) को कहा, संदेह है कि आरोपी अनुज शर्मा मानसिक विकार से पीड़ित है और गुस्से में आकर उसने वारदात को अंजाम दिया. इस तरह का जघन्य अपराध कोई मनोरोगी ही कर सकता है. जिस तरह से शव को काटा गया और एक स्थान पर फेंका गया, यह केवल एक विकृत आदमी ही कर सकता है.

पुलिस के मुताबिक, उस चाकू का पता लगाया जा रहा है जिसे आरोपी ने पीड़िता के शव को काटने के लिए पहले इस्तेमाल किया



था. वारदात के बाद से अपार्टमेंट के निवासी सन्न हैं और अब वे अपनी सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगा रहे हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, विद्याधर नगर के लालपुरिया अपार्टमेंट में रहने वाले लोग अपार्टमेंट ब्लॉक में सीसीटीवी कैमरे लगवा रहे हैं. इसी अपार्टमेंट में वारदात को अंजाम दिया गया था. एएनआई ने लालपुरिया अपार्टमेंट में रहने वाली डॉक्टर शालू पाव के हवाले से लिखा है, मैं यहां पिछले 27 वर्षों से रहती आई हूं. यहां जो घटना हुई वो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है. आमतौर पर मुलाकात के अलावा, मैं मृतका को निजी तौर पर नहीं जानती थी. सुरक्षा की खातिर हम पूरे ब्लॉक में सीसीटीवी कैमरे लगवा रहे हैं.

### अमित शाह के सामने ममता को गुस्सा क्यों आया

## बीएसएफ के नए नियमों से बंगाल पॉलिटिक्स पर असर तो वजह नहीं!

**कोलकाता।** कोलकाता में शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मंच पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जमकर भड़क गईं. ममता का इस दौरान बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (क्क्स्न) के अधिकारियों से बहस भी हुई. ममता ने आरोप लगाया कि क्क्स्न के जवान बंगाल में आम लोगों का उत्पीड़न कर रहे हैं. ममता ने आगे कहा कि बीएसएफ राज्य प्रशासन में दखल दे रही है, जो कि कानूनन गलत है. सूत्रों के मुताबिक इस बहस के बाद अमित शाह और ममता बनर्जी के बीच करीब ढ़ाई घंटे तक एक सीक्रेट मीटिंग भी हुई, जिसमें उन्होंने सेंट्रल एजेंसी की सक्रियता को लेकर सवाल उठाया. पश्चिम बंगाल का बॉर्डर भूटान, नेपाल और बांग्लादेश से लगा हुआ है. यहां के 10 जिलों में चौकसी के लिए बीएसएफ की तैनाती की गई है. ये जिले हैं- दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार, मालदा, मुर्शिदाबाद, उत्तर दिनाजपुर,



दक्षिण दिनाजपुर, दक्षिण 24 परगना, नदिया और उत्तर 24 परगना. नए कानून लागू होने से जलपाईगुड़ी, उत्तर दिनाजपुर, दक्षिण दिनाजपुर, मालदा और कूचबिहार के अधिकांश भाग बीएसएफ के कंट्रोल में चला गया है. साथ ही मुर्शिदाबाद जिला मुख्यालय और उत्तर 24 परगना के दो बड़े शहर भी बीएसएफ के अधीन है. बंगाल के जिन 10 जिलों में क्क्स्न की तैनाती है, उनमें लोकसभा की कुल 21 सीटें हैं. 2019 में इनमें से 12 सीटों पर तृणमूल कांग्रेस और 7 सीटों पर बीजेपी को जीत मिली थी. 2 पर कांग्रेस ने भी कब्जा जमाया था. 2014 के चुनाव में इनमें से सिर्फ एक सीटें बीजेपी को मिली थी.

**उत्तर बंगाल में ज्यादा असर, यहां अलग राज्य की मांग उठ रही**–बीएसएफ के नए कानून का सबसे ज्यादा असर उत्तर बंगाल में पड़ा है. यहां के दार्जिलिंग, कूचबिहार, जलपाईगुड़ी, उत्तर और दक्षिण दिनाजपुर के अधिकांश भाग बीएसएफ के कंट्रोल में आ गया है. पिछले 8 सालों में राजनीतिक रूप से ममता बनर्जी उत्तर बंगाल में कमजोर पड़ी हैं. 2021 के विधानसभा चुनाव में दिनाजपुर को छोड़ दिया जाए, तो उत्तर बंगाल के अधिकांश जिलों में तृणमूल कांग्रेस की करारी हार हुई थी. बंगाल में चुनाव के बाद उत्तर बंगाल को अलग राज्य करने की मांग भी धीरे-धीरे जोर पकड़ रही है. घुसपैठ रोकने के लिए पहले बॉर्डर इलाके में 15 किमी अंदर तक बीएसएफ सर्च अभियान चला सकती थी.

# एसडीएम के आश्वासन पर हुआ ओबीसी महासभा का धरना खत्म





अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- मुख्यमंत्री के प्रोग्राम में काले झंडे दिखाने वाले ओबीसी महासभा के कार्यकर्ताओं गिरफ्तारी के बाद में ओबीसी के पदाधिकारियों ने एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन चालू किया था और पदाधिकारी बोल रहे थे कि जब तक हमारे कार्यकर्ता बाहर नहीं आ जाते तब तक हम अपना धरना प्रदर्शन ऐसे ही बरकरार रहेंगे लेकिन आज कुछ और देखने को मिला आज ओबीसी महासभा के प्रदेश के पदाधिकारियों ने आकर ओबीसी महासभा के धरना को खत्म करवाया और एसडीएम के नाम का ज्ञापन देकर एसडीएम के आश्वासन पर धरने को खत्म कर प्रदर्शनकारियों को अपने घर भेजा आपको बता दें जैसा कि आपको विदित है 16 दिसंबर 2022 को माननीय मुख्यमंत्री जी के शिवपुरी कार्यक्रम के दौरान ओबीसी महासभा युवा मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अन्य सदस्यों का प्रतिनिधि मंडल मा. मुख्यमंत्री जी से मिलकर मुलाकात कर ओबीसी वर्ग की जातिगत जनगणना एवं अन्य मांगों को लेकर अपना पक्ष रखना चाहते थे। किंतु मौके पर तैनात जातिवाद मानसिकता के प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रतिनिधि मंडल को नहीं मिलने दिया और पुलिस प्रशासन के ड्यूटी पर तैनात कर्मियों के द्वारा मारपीट कर जातिसूचक गलियां देकर अभद्रता की गई। ओबीसी महासभा जिला प्रशासन से निवेदन करती है कि उक्त घटनाक्रम के दौरान गिरफ्तार ओबीसी महासभा युवा मोर्चा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष गिर्राज सिंह दुल्हारा एवं अन्य सभी 15 सदस्यों को तत्काल रहा करे एवं मौके पर तैनात प्रशासनिक अधिकारियों एवं जेल में बंद सदस्यों की मेडिकल जांच एवं प्रशासन द्वारा की गई असवैधानिक कार्यवाही की निस्पक्षता पूर्वक न्यायिक जांच हेतु कमेटी गठित कर न्यायिक जांच करने की कृपा करें अन्यथा की स्थिति में संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

### पहले नहीं मान रहे थे

**प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया 25 दिसंबर को करेंगे महाआंदोलन**–ओबीसी महासभा के प्रदेश से आए कोर कमेटी सदस्य और पदाधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि आने वाली 25 दिसंबर को शहर के मध्य में स्थित प्लेग्राउंड मैं महा आंदोलन की तैयारी की जाएगी और प्लेग्राउंड को भरकर अपनी मांगों को रखते हुए मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम का ज्ञापन दिया जाएगा जैसा की आपको विदित है कि ओबीसी महासभा एक लंबे समय से जातिगत जनगणना और 27प्रतिशत आरक्षण की मांगों को लेकर आंदोलन करती आ रही है और मांगों को लेकर वह 25 दिसंबर को प्ले ग्राउंड में वह आंदोलन करेगी।

# पठान मूवी से बेशर्म रंग गाना हटाने को लेकर बजरंग दल ने दिया ज्ञापन

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी** – खबर शिवपुरी के हृदय स्थल माधव चौक चौराहे से है जहां पर आज समस्त बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर के नाम का ज्ञापन देते हुए बताया कि अभिनेता शाहरुख खान द्वारा निर्मित फिल्म पठान में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को भगवा कलर की बिकनी पहनाई गई है जिससे हिंदुओं के हृदय को ठेस पहुंचती है जिसमें योजनावदद तरीके से हिन्दूधर्म की अपमानित करने का षड्यंत्र रचा गया है फिल्म में आभिनेत्री विकनी के रूप में भगवा रंग का उपयोग गलत तरीके से किया गया है जिसमे हिन्दू आस्था आहत हो रही है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बताया की यदि शिवपुरी के सिनेमाघरों में यदि पठान मूवी लगती है तो हम उसे नहीं चलने देंगे यदि जब तक फिल्म निर्माताओं द्वारा पठान मूवी से जो बेशर्म रंग गाना और भगवा बिकनी पहने अभिनेत्री को नहीं हटाया गया तो हम इसका पूर्ण रूप से बहिष्कार



करेंगे और किसी भी सिनेमाघरों में इसको नहीं चलने देंगे

# उधारी के पैसे के लेन देन को लेकर किया अपहरण औऱ कर दी गोली मार कर की थी हत्या

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-दिनांक 14.12.2022 को फरियादी युधिष्ठिर रघुवंशी पुत्र भारतसिंह रघुवंशी उम्र 48 साल निवासी इन्दार ने अपने भाई राकेश रघुवंशी उम्र 35 वर्ष की दिनांक 13.12.2022 की रात से गुम हो जाने की सूचना पुलिस थाना इंदार पर दी, जिस पर से गुम इन्सान क्रमांक 24/22 कायम कर जाँच की गई प्रारंभिक जाँच से पाया गया कि गुमशुदा राकेश रघुवंशी से एक व्यक्ति ने पैसे ऊधार लिये थे, राकेश रघुवंशी द्वारा उक्त पैसे वापस करने का बोलने पर आरोपी ने हत्या करने की नियत से मृतक राकेश रघुवंशी का अपहरण किया पुलिस द्वारा उक्त जांच रिपोर्ट पर से थाना इंदार पर अपराध क्रमांक 281/22 धारा 364 भादवि का पंजीबध्द कर घटना से वरिष्ठ अधिकारीगण को अवगत कराया । श्रीमान पुलिस अधीक्षक श्री राजेश सिंह चन्देल द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुये गुमसुदा की तलाश एवं आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक निर्देश दिये । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीओपी कोलारस श्री विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी इंदार उनि. के.एन शर्मा के नेतृत्व मे पुलिस टीम बनाकर तत्परता से कार्यवाही करते हुए आज दिनांक को आरोपी उम्र करीबन 27 साल निवासी इन्दार को गिरफ्तार कर सख्ती से पूछताछ की तो आरोपी ने राकेश रघुवंशी का हत्या करने के उद्देश्य से अपहरण कर पिस्टल से गोली मारकर हत्या कर देना तथा उसकी लाश नदी मे पटककर पत्थरो से दबा देना बताया, आरोपी की निशा देही पर पुलिस ने मृतक की लाश एवं हत्या मे प्रयुक्त पिस्टल बरामद की है । पुलिस थाना इन्दार द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन मे हत्या की घटना का पर्दाफाश कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है । इस कार्यवाही मे थाना प्रभारी केएन शर्मा,प्रधान आरक्षक भजनलाल शाक्य, प्र.आर. प्रदीप गुर्जर,आरक्षक राहुल कुमार, आरक्षक दीपचन्द, आर. सुनील भील, प्र.आर चालक रंजीत खान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

# जनता ने आज जनमत की ताकत दिखाई जिसकी गूंज प्रदेश तक सुनाई देगी, लक्ष्मण सिंह विधायक

रिपोर्टर –प्रतिश अग्रवाल
पुष्पांजलि टुडे

**चाँचौडा।** जिला बन जायेगा और उसे बनवाने के लिए किए गए संघर्ष का इतिहास लिखा जाएगा तब जो लोग अपने घरों में मौन होकर बैठे है उनका नाम नही होगा। सभी लोग मिलकर अपने अपने स्तर पर संघर्ष करें। इतिहास लिखा जाएगा तब कोई यह नही कहेगा कि मैंने सहयोग नही किया सहयोग तो हमने भी किया।

सुप्रसिद्ध प्राचीन देवस्थान बाग बागेश्वर धाम चाचौड़ा में यशस्वी विधायक लक्ष्मण सिंह ने चाचौड़ा को जिला बनाने के लिए शिव अभिषेक पूजन किया एवं ईश्वर से यह कामना की कि जल्द से जल्द चांचौड़ा जिला बनाया जावे। पूजा अर्चना उपरांत विधायक सिंह ने क्षेत्रीय जनता के साथ चाचौड़ा जिला बनाओ पदयात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा चाचौड़ा किला होते हुए नगर के मुख्य मार्गो से गुजरी यहां पर विधायक श्री सिंह का सामाजिक संगठनों, काँग्रेस के पदाधिकारियों , युवाओं, बुजुर्ग व माता वहनों सहित छोटे बच्चों एवं छात्र छात्राओं ने जिला बनाओ पदयात्रा का आत्मीय स्वागत किया। जगह जगह स्वागत द्वार बनाये गये घरों की छतों से पुष्प वर्षा कर पद यात्रियों का सम्मान किया गया। विधायक लक्ष्मण सिंह प्रत्येक स्वागत मंच पर पहुंचे यहां उनका अलग-अलग जगह साल, श्रीफल, मिठाई व नारियल आदि से स्वागत सम्मान किया गया। पदयात्रा में नगर वासियों सहित आसपास के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया एवं जिला बनाए जाने के लिए जन समुदाय के माध्यम से समर्थन किया। चाचौड़ा से बीनागंज तक की दूरी में विधायक लक्ष्मण सिंह का 2 दर्जन से अधिक स्थानों पर स्वागत सत्कार का कार्यक्रम रखा गया। सैकड़ों की संख्या में जन सामान्य अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर यात्रा को सफलता के शिखर पर पहुंचाने का कार्य किया। राजीव गांधी चौराहा बीनागंज में विधायक लक्ष्मण सिंह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि चाचौड़ा को जिला बनाना हमारी पहली प्राथमिकता रही है कांग्रेस सरकार इस कार्य को पूर्व में कैबिनेट में प्रस्ताव पास कर अपना काम कर चुकी है तत्कालीन विपक्ष के नेता शिवराज सिंह चौहान भी चाचौड़ा को जिला बनाने का समर्थन मीडिया के समक्ष कर चुके हैं लेकिन वर्तमान में मुख्यमंत्री होने के बावजूद भी चाचौड़ा को जिला बनाने की मुहिम को बढ़ावा नही दे रहे है इसका जवाब क्षेत्रीय जनता मुख्यमंत्री से जानना चाहती है। चाचौड़ा जिला बनने से हमारे क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के आयाम की बहुताय प्राप्ति होगी, महिलाओं को स्वरोजगार मिलेगा, बुजुर्गों को उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी एवं किसानों को सही समय पर खाद बीज, पानी, बिजली आदि मुहैया कराई जा सकेगी। जिला बनने से जिला मुख्यालय की दूरी नजदीक में तब्दील हो जाएगी जिससे गरीब तबका शासकीय कार्यो के लिए बहुत दूर जाने को मजबूर नही होगा। अच्छे कॉलेज, खेल मैदान, चिकित्सा महाविद्यालय, कैरियर मार्गदर्शन सहित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अच्छे से अच्छे संस्थान व योग्य शिक्षक उपलब्ध हो पाएंगे।, महिलाओं के इलाज हेतु महिला डॉक्टर की उपलब्धता निश्चित होगी। चाचौड़ा जिला बनने से चाचौड़ा विधानसभा के प्रत्येक नागरिक का लाभ होगा शासकीय योजनाओं का लाभ भी मिल सकेगा। हमारे आदिवासी अंचल के भाई बहन एवं अनुसूचित जाति जनजाति के मजदूर वर्ग जोकि अपने प्रदेश से दूसरे प्रदेश में मजदूरी करने के लिए अपने परिवार को छोड़कर जाते है उनको स्थानीय रोजगार की उपलब्धता जाएगा। आज हमने जनमत की ताकत दिखाई है जिससे जिला बनाने की गूंज प्रदेश के मुख्यमंत्री तक पहुंचेगी। कुछ लोग चाँचौडा को जिला बनने नही देना चाहते इतनी संकीर्ण विचारधारा रखना ठीक नही है। आज हमारे बीच मे हमारे दिवगंत नेता शिवनारायण मीना जी नही है अगर यदि वह होते तो हमको जिला बनाने मे बल मिलता। शिवराज सिंह जी वचन देकर जो नेता मुखर जाता है उसको जनता उखाड़ फेंकती है। हम सब ने ठाना है चाँचौडा जिला बनाना है। पदयात्रा मुख्य रूप से पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, पूर्व विधायक रामप्रसाद दांगी, ठाकुर रणवीर सिंह, लालू वाला सवासडा, महेंद्र सिंह जी वापचा, बल्लू चौहान, नीलू दुबे, किरण मंडलोई, रिपुदमन सिंह सोलंकी, कैलाश चोकसे, भोजराज लोधी, नारायण सिंह भील, गजेंद्र सिंह चौहान, डॉक्टर संजय मीना, देवेंद्र मीना दीतलवाडा, रोहित मीना, सौरव यादव, सर्जन सिंह शिल्पकार, हेमराज खरे, मनमोहन शर्मा, रंजीत सिंह सोलंकी, राधेश्याम साहू, शिवराज मीना, बृजेश मीना, रानु मीना, नेपाल अहिरवार, प्रीतम प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति,आमीन खान आदि मौजूद रहे।

### चाँचौडा जिला बने यह कुछ लोग नही चाह रहे इतनी संकीर्ण सोच रखना ठीक नहीं



# भाजपा आईटी सेल ने किया सुघोष प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन

रिपोर्टर –प्रतिश अग्रवाल
पुष्पांजलि टुडे

**मधुसूदनगढ़।** आज नगर मधुसूदनगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के आईटी सेल सोशल मीडिया द्वारा सुघोष प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के 3 सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में पनवाडी हाट मंडल के सोशल मीडिया संयोजक सत्येंद्र दांगी , हरज्ञान सिंह गुर्जर जिला मंत्री एवम् मंडल प्रभारी मधुसूदनगढ़ ,बाबूलाल सेन पूर्व उपाध्यक्ष केश शिल्पी बोर्ड द्वारा मधुसूदनगढ़ के आईटी सेल कार्यकर्ताओं बुथ के पालक संयोजक बी एल ओ को प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण वर्ग में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया के सभी एपस का सही इस्तेमाल और उसके माध्यम से जनता को जागरूक कर भाजपा की रीतियों नीतियों के व्यापक प्रचार-प्रसार का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मंडल पनवाडी हाट के सत्येंद्र दांगी संयोजक सोशल मीडिया ने सभी कार्यकर्ताओं को संगठन ऐप के माध्यम से भाजपा का एक गूगल फॉर्म और उसकी जानकारी दी कार्यक्रम की अध्यक्षता भगवान सिंह कुशवाह ने की। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में बाबूलाल सेन पूर्व उपाध्यक्ष केश शिल्पी बोर्ड मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महामंत्री संगीता अग्रवाल ने की। स्वागत जगमोहन धाकड ,कौशलेंद्र अग्रवाल, भारत सेन, हरभजन कलावत ने किया। कार्यक्रम का संचालन मनोज अग्रवाल मंडल महामंत्री ने किया।कार्यक्रम में



कार्यक्रम का तीसरा सत्र हरज्ञान सिंह गुर्जर मंडल के प्रभारी एवं जिला मंत्री ने लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद के अध्यक्ष श्याम लाल अहिरवार ने की आभार मंडल के अध्यक्ष जगमोहन धाकड़ ने किया। अतिथियों का परिचय लाखन सिंह सौंधिया, गोपाल मीना एवं हरभजन कलावत द्वारा दिया गया जबकि किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष राजेश मीना ,युवा मोर्चा महामंत्री जगदीश सेलर ,रामबाबू प्रजापति,नारायण सिंह बंजारा,अभिमन्यु गुर्जर सभी मोर्चो के मंडल अध्यक्ष आईटी सेल कार्यकर्ता बूथ प्रभारी पालक संयोजक बीएलओ एवं पार्टी के वरिष्ठ जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रांतीय पेंशन अधिकार सम्मेलन 25 दिसंबर को भोपाल मै,जिले से जाएंगे सेंकड़ों कर्मचारीः जनक सिंह रावत

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी। पुरानी पेंशन के लिए संघर्ष कर रहे संगठन न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के प्रांत अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह तिवारी के आह्वान पर 25 दिसंबर को भोपाल के शाहजहानी पार्क में विशाल पेंशन अधिकार सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रदेश के हजारों कर्मचारी शिरकत करेंगे द्य शिवपुरी जिले से भी सैकड़ों कर्मचारी भोपाल जाएंगे संघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बसंती शर्मा द्वारा बताया गया कि आज वीर शहीद तात्या टोपे पार्क में जिले के कर्मचारियों की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संकल्प लिया गया कि 25 दिसंबर को होने वाले पेंशन अधिकार सम्मेलन में अधिक से अधिक कर्मचारी भोपाल जाएंगे और अपने हक अधिकार के लिए सरकार से मांग करेंगे द्यसंगठन के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत द्वारा बैठक में कहा कि

### पेंशन नहीं तो वोट नहीं की होंगी गूंज



यदि सरकार कर्मचारियों की आत्मा,बुढ़ापे का सहारा पुरानी पेंशन को विधानसभा चुनाव से पहले बहाल कर दे तब प्रदेश का समस्त कर्मचारी वर्ग एवं उसका परिवार सरकार के साथ होगा हमारी मांगों पर विचार नहीं हुआ तो विवश होकर पेंशन नहीं तो वोट नहीं मुहिम मै प्रत्येक कर्मचारी एवं परिवारों सहित उस दल का समर्थन करेंगे जो पुरानी पेंशन देने का वायदा करेगा रेखा शर्मा ने कहा जो दल पुरानी पेंशन बहाली की गारंटी देगा और अपने चुनावी घोषणा पत्र में वायदा करेगा सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाल की जावेगी जिसके समस्त कर्मचारियों से अपील है एकजुट होकर अबकी बार पुरानी पेंशन वाली सरकार स्थापित करेगें और कर्मचारियों की जायज मांग पूरी हो जिला अध्यक्ष वीरेंद्र रावत रेणु शर्मा राजेश सेन ने भी अपने विचार व्यक्त किए आज की बैठक में बसंती शर्मा रेणु शर्मा अनीता राठौर प्रेम सुधा श्रीवास्तव रेखा अमोल अनीता जैन पिंकी खटीक रेखा नामदेव सैयद फरीदा किरण प्रजापति प्रतिभा मिश्रा रेखा शर्मा विनीता अहिरवार मेघावी कोठारी दुर्गेश सक्सेना ज्योति भदोरिया सुल्तान आदिवासी हरगोविंद रावत बालूराम रावत राम दिनेश मीणा पंकज शर्मा निलेश श्रीवास्तव मनोज श्रीवास्तव राजेश सेन सुल्तान सिंह बघेल रविंद्र रावत जीतेंद्र सिंह तोमर बृजेश कुमार शुक्ला जगदीश शर्मा गिर्राज शुक्ला जय कुमार शर्मा सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### धैर्य रखने का फायदा मिलाः म्हाम्ब्रे

**चटगांव।** बांग्लादेश के खिलाफ शुरूआती टेस्ट में शनिवार को पहले सत्र में विकेट नहीं चटकाने से भले ही भारत को निराशा मिली हो लेकिन गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा कि उनकी टीम को संयम रखने का फायदा बाकी के दो सत्र में मिला। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन (100 रन) और नजमुल हुसेन शंटो (67 रन) ने 513 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय गेंदबाजों को पूरे शुरूआती सत्र में निराश कर दिया और पहले विकेट के लिये रिकॉर्ड 124 रन जोड़े।

लेकिन अगले दो सत्र में भारत ने वापसी करते हुए चौथे दिन स्टंप तक बांग्लादेश का स्कोर छह विकेट पर 272 रन कर दिया। म्हाम्ब्रे ने चौथे दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा, बल्लेबाजी आसान हो रही थी। लेकिन पहले सत्र में अच्छी गेंदबाजी के कारण हमें अगले दो सत्र में फायदा मिला। उन्होंने कहा,यह सब्र रखने का ही नतीजा था क्योंकि हम जानते थे कि विकेट आसान हो रहा था और इससे हमारे लिये मुश्किल होगी। फोकस सही क्षेत्र में गेंद डालने कर मौके बनाने का था, भले ही थोड़ा ही मौका बने। म्हाम्ब्रे ने कहा,हम जानते थे कि हमने बड़ा लक्ष्य दिया है। तो हमें घबराना नहीं है। ड्रेसिंग रूम का माहौल बहुत शांत था। उन्होंने कहा, हमने अगले दो सत्र में छह विकेट झटककर इसकी थोड़ी भरपायी की। हमें अब भी धैर्य बनाये रखना होगा। कुल मिलाकर में अपनी टीम की गेंदबाजी से खुश हूं।

### कतर में हर तरफ दिख रहे हैं अर्जेंटीना के प्रशंसक

**दोहा,** । अपने दिग्गज खिलाड़ियों के लिए मशहूर रहे फुटबॉल के दीवाने देश अर्जेंटीना के प्रशंसक लगातार आर्थिक संकट से जूझने के बावजूद अपने देश को 36 साल बाद विश्वकप विजेता बनते हुए देखने के लिए बड़ी कुर्बानी देकर कतर पहुंच रहे हैं। दोहा की सड़कों पर अर्जेंटीना के प्रशंसकों का जोश और जुनून देखा जा सकता है। वे 'मुचाचोस' नाम के गीत को गा रहे हैं जो कि दक्षिण अमेरिकी देश के इन प्रशंसकों के लिए अनाधिकृत विश्वकप गान बन गया है। अर्जेंटीना रविवार को फाइनल में पिछली बार के चैंपियन फ्रांस का सामना करेगा। कतर की राजधानी में सौक वक्फ बाजार के एक कोने में अर्जेंटीना की आसमानी नीली और सफेद धारीदार जर्सी पहने एक युवा महिला फुटबॉल को अपने पांव से नचा रही थी तो उसके चारों तरफ स्थानीय लोगों और पर्यटकों की भीड़ एकत्रित हो गई।

### अर्जेंटीना के प्रशंसकों के लिए 'मुचाचोस' बना विश्वकप गान

**दोहा** । अर्जेंटीना के फुटबॉल प्रशंसकों के बीच विश्वकप में 'मुचाचोस' बेहद लोकप्रिय अनाधिकृत गीत बन गया है जिसमें डियागो माराडोना से लेकर लियोनेल मेस्सी तक का जिक्र है। यह गीत एक फुटबाल प्रशंसक ने लिखा है जिसमें माराडोना और मेस्सी के अलावा अर्जेंटीना के चिर प्रतिद्वंदी ब्राजील का जिक्र भी है। इस गीत में फाकलैंड युद्ध में मारे गए अर्जेंटीनी सैनिकों को भी श्रद्धांजलि दी गई है। अर्जेंटीना 1982 में ब्रिटेन से हुए इस युद्ध में हार गया था। इस गीत के बोल हैं,दोस्तों अब हम फिर से अपनी उम्मीद जगा रहे हैं। मैं तीसरी बार जीतना चाहता हूं, मैं विश्व चैंपियन बनना चाहता हूं। मेस्सी और उनके साथियों ने भी प्रत्येक जीत पर इस गीत के साथ जश्न मनाया। यह गीत स्टेडियमों के अलावा दोहा की सड़कों और अर्जेंटीना के हर शहर और गांव में गाया जा रहा है।

# अक्षर के करिश्मे से भारत जीत से चार विकेट दूर

बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन ने अपने पदार्पण टेस्ट मैच में ही शतक जमाया।



**चटगांव ■**
सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन ने अपने पदार्पण टेस्ट मैच में ही शतक जमाया लेकिन अक्षर पटेल की अगुवाई में स्पिनरों ने भारत को अच्छी वापसी दिलाई जिससे वह बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में शनिवार को यहां जीत दर्ज करने के करीब पहुंच गया। बांग्लादेश ने 513 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक छह विकेट पर 272 रन बनाये।

वह लक्ष्य से अभी 241 रन दूर है। भारत को दो मैचों की श्रृंखला में बढ़त हासिल करने के लिए पांचवें और आखिरी दिन केवल चार विकेट निकालने होंगे। जाकिर (100) ने नजमुल हुसेन शंटो (67) के साथ पहले विकेट के लिए 124 रन की साझेदारी करके बांग्लादेश को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन भारत अंतिम दो सत्र में वापसी करने में सफल रहा। भारत की तरफ से अक्षर पटेल ने 50 रन देकर तीन विकेट लिए हैं जबकि उमेश यादव, रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव ने एक-एक विकेट हासिल किया है।

भारत को पहले सत्र में एक भी नहीं मिली लेकिन दूसरे सत्र में वह तीन विकेट हासिल करने में सफल रहा। इस बीच भारत ने केवल 57 रन दिए जबकि पहले सत्र में बांग्लादेश ने सुबह बिना किसी नुकसान के 42 रन से आगे खेलते हुए लंच तक स्कोर 119 रन तक पहुंचाया था। बांग्लादेश अगर तीसरे सत्र में 96 रन जोड़ने में सफल रहा तो उसका श्रेय कप्तान शाकिब अल हसन (नाबाद 40) को जाता है जिन्होंने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। उन्होंने अक्षर और कुलदीप पर छक्के भी लगाए। स्टंप उखड़ने के समय उनके साथ मेहदी हसन मिराज नौ पर खेल रहे थे।

जाकिर ने पहले दोनों सत्र में एक छोर संभाले रखा था लेकिन तीसरे सत्र के शुरू में ही शतक पूरा करने के बाद उनकी एकाग्रता भंग हो गई। वह अक्षर पटेल पर चौका लगाकर अपने पदार्पण टेस्ट मैच में ही सैकड़ा जड़ने वाले चौथे बांग्लादेशी बल्लेबाज बने। उनसे पहले अमीनुल इस्लाम, मोहम्मद अशरफुल और अबुल हसन ने यह उपलब्धि हासिल की थी। अमीनुल ने भारत के खिलाफ यह कारनामा किया था।

लेकिन अश्विन के अगले ओवर में गेंद जाकिर के बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर पैड से टकराई और हवा में उछल गई जिसे कैच करने में विराट कोहली ने कोई गलती नहीं की। जाकिर ने अपनी पारी में 224 गेंद का सामना किया तथा 12 चौके और एक छक्का लगाया। भारत को पहली सफलता अनुभवी दबाज उमेश यादव ने दिलाई। उनकी गेंद शंटो के बल्ले का बाहरी किनारा लेकर पहली स्लिप में कोहली के पास गई लेकिन वह उसे लपक नहीं पाए और गेंद उनके हाथ से छिटक कर नीचे गिरती इससे पहले विकेटकीपर ऋषभ पंत ने डाइव लगाकर उसे अपने दस्तानों में समा दिया।

अक्षर ने इसके बाद यासिर अली (पांच) को बोल्ड करके भारत को जल्द ही दूसरी सफलता भी दिला दी। यासिर आगे बढ़कर रक्षात्मक शॉट खेलना चाहते थे लेकिन उनका ऑफ स्टंप खाली था और वह गच्चा खाकर बोल्ड हो गए। लिटन दास (19) ने कुछ समय तक जाकिर का साथ दिया लेकिन कुलदीप की गुगली पर स्कूप करके वह लांग आन सीमा रेखा पर खड़े उमेश को कैच दे बैठे।

भारत ने 84 ओवर के बाद दूसरी नई गेंद ली लेकिन एक छोर से अक्षर के रूप में स्पिन आक्रमण बरकरार रखा। इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में नई गेंद से कहर बरपाने वाले अक्षर ने फिर से कमाल दिखाया तथा अपने एक ओवर में मुशफिकुर रहीम (23) और नुरुल हसन (तीन) को आउट करके बांग्लादेश को गहरे संकट में डाल दिया।

रहीम रक्षात्मक रूप से खेलना चाहते थे लेकिन गेंद उनके बल्ले को गच्चा देकर ऑफ स्टंप से टकरा गई। पटेल ने इसी ओवर के अंतिम गेंद पर नुरुल हसन को आगे बढ़कर शॉट मारने के लिए ललचाया लेकिन गेंद उनके बल्ले से आंख चुराते हुए विकेटकीपर पंत के पास पहुंच गई जिन्होंने स्टंप आउट करने में कोई गलती नहीं की। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों ने बल्लेबाजी के लिए अनुकूल दिख रही पिच पर पहले सत्र में भारत को सफलता से महरूम रखा।

पहले सत्र में भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज दव ने ऐसी बहुत कम गेंद की जिससे कि उन्हें विकेट मिल पाता। उमेश ने शार्ट पिच और ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंदें की जिन्हें जाकिर ने आसानी से डीप थर्डमैन जबकि शंटो ने प्रभावशाली तरीके से पुल किया। शंटो ने सिराज पर भी लगातार दो चौके जमाए। जाकिर का ऑफ स्पिनर अश्विन पर एक्स्ट्रा कवर पर लगाया गया शॉट दर्शनीय था। भारत ने अपनी पहली पारी में 404 रन बनाने के बाद बांग्लादेश को 150 रन पर आउट कर दिया था। भारत ने शुभमन गिल (110) और चेतेश्वर पुजारा (नाबाद 102) के शतकों की मदद से अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 258 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी।

# विश्व कप फाइनल में इन खिलाड़ियों पर रहेगी नजर

**दोहा ■**
अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच रविवार को यहां होने वाले विश्वकप फाइनल में एक तरफ जहां लियोनेल मेस्सी होंगे वहीं दूसरी तरफ उन्हें टक्कर देने के लिए काइलियन एमबापे होंगे। मेस्सी इससे पहले भी फाइनल में खेल चुके हैं लेकिन उनकी टीम 2014 में जर्मनी से हार गई थी। एमबापे के रहते हुए फ्रांस ने 2018 में क्रोएशिया को हराकर विश्वकप जीता था। इन दोनों सहित जिन अन्य खिलाड़ियों पर विश्वकप फाइनल में नजर टिकी रहेगी, उनकी जानकारी इस प्रकार है।



**लियोनेल मेस्सीः** पैंतीस वर्षीय मेस्सी अर्जेंटीना की टीम के दिल और आत्मा दोनों हैं। वह टूर्नामेंट में अब तक पांच गोल कर चुके हैं और इस मामले में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। जब भी गोल करने का मौका हो तब मेस्सी की फुर्ती देखने लायक होती है। विश्व कप का खिताब उन्हें डियागो माराडोना के समान 'आइकन' का दर्जा दिला देगा।

**जुलियन एल्वारेजः** एल्वारेज ने टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और उन्होंने अब तक चार गोल दागे हैं। मैनचेस्टर सिटी की तरफ से खेलने वाले इस 22 वर्षीय खिलाड़ी का तेज दौड़ लगाने में कोई सानी नहीं है। उन्होंने क्रोएशिया के खिलाफ सेमीफाइनल में टीम की 3-0 से जीत में मेस्सी के साथ शानदार जोड़ी बनाई थी।

**एमिलियानो मार्टिनेजः** अर्जेंटीना का यह गोलकीपर छह फुट चार इंच लंबा है। यदि फाइनल मैच पेनल्टी शूटआउट तक खिंचता है तो फिर मार्टिनेज की भूमिका अहम होगी। उन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल और पिछले साल कोपा अमेरिका के सेमीफाइनल में पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

**नहुएल मोलिनाः** मोलिना ऊर्जावान फुल बैक है और उनमें मजबूत डिफेंडर होने के सभी लक्षण मौजूद है। एटलेटिको मैड्रिड के 24 वर्षीय खिलाड़ी मोलिना को अपने आक्रामक रवैये के लिए भी जाना जाता है।

**एंजो फर्नांडीजः** फर्नांडीज ने टूर्नामेंट की शुरुआत स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में की थी लेकिन अर्जेंटीना के मेक्सिको पर जीत में गोल करने के बाद वह टीम के मुख्य खिलाड़ी बन गए। वह अर्जेंटीना की मध्य पंक्ति के प्रमुख खिलाड़ी हैं।

**काइलियन एमबापेः** अर्जेंटीना के लिए एमबापे सबसे बड़े खतरनाक खिलाड़ी हैं जो अपनी तेजी और गोल करने में महारत के लिए जाने जाते हैं। पेरिस सेंट जर्मेन की तरफ से खेलने वाला यह 23 वर्षीय स्ट्राइकर विश्व कप में अभी तक मेस्सी के समान पांच गोल दाग चुका है। अर्जेंटीना के खिलाफ जीत दर्ज करने पर वह महानतम खिलाड़ियों में शामिल हो जाएंगे।

**एंटोनियो ग्रीजमैनः** इकतीस वर्षीय ग्रीजमेन इस विश्वकप में फ्रांस के लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हुए हैं। एटलेटिको मैड्रिड के इस स्ट्राइकर ने अपने कौशल में रक्षात्मक गुण भी जोड़े हैं। फाइनल में मेस्सी के साथ उनका मुकाबला देखने लायक होगा।

**ह्यूगो लोरिसः** टोटेनहैम की तरफ से खेलने वाले 35 वर्षीय ह्यूगो लोरिस पहले ऐसे कप्तान बनने की राह पर हैं जिन्होंने दो विश्वकप जीते। वह मितभाषी हैं लेकिन अपने काम को अच्छी तरह से अंजाम देते हैं। फ्रांस की तरफ से सर्वाधिक मैच खेलने का रिकॉर्ड उन्हीं के नाम पर है।

**राफेल वरानः** फ्रांस की रक्षापंक्ति की मजबूत कड़ी हैं 29 वर्षीय राफेल वरान। वह अपने करियर में चोटों से जूझते रहे हैं लेकिन अब अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार हैं। रियाल मैड्रिड को चार बार चैंपियंस लीग का खिताब दिलाने में उनकी भूमिका अहम रही है।

**ऑरेलियन टचोमेनीः** टचोमेनी पिछले चार साल से पाल पोग्बा की जगह मध्य पंक्ति में अपनी भूमिका पूरी निष्ठा के साथ निभा रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ गोल करके पोग्बा जैसे करारे शॉट जमाने की अपनी काबिलियत का अच्छा नमूना पेश किया था। अर्जेंटीना को मध्य पंक्ति में उनसे पार पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ेगी।

# डेविड वार्नर भविष्य की तरफ देखें: रिकी पोंटिंग

**ब्रिस्बेन ■**
ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज रिकी पोंटिंग ने ओपनर डेविड वार्नर से कहा है कि वह वास्तविक बनें और अपने टेस्ट करियर के संबंध में भविष्य की तरफ देखें। शनिवार को वार्नर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन तेज गेंदबाज कैगिसो रबादा की पहली गेंद पर आउट हो गए थे। वार्नर ने रबादा की शार्ट गेंद से बचने की कोशिश की लेकिन शार्ट लेग पर खाया जोंडो के हाथों लपके गए थे। जोंडो ने एक हाथ से कैच लपका।

वार्नर ने हाल में वेस्ट इंडीज के खिलाफ दो टेस्टों की सीरीज में पर्थ में पांच और 48 तथा एडिलेड में 21 और 28 रन बनाये। वार्नर इस दौरान अपने ऊपर लगे आजीवन नेतृत्व प्रतिबंध को हटाने के खिलाफ अपनी अपील को लेकर संघर्ष कर रहे थे। ऑस्ट्रेलिया की अगली दो सीरीज अगले वर्ष भारत और इंग्लैंड के दौरे हैं जहां वार्नर का औसत क्रमशः 24.25 और 26.04 है। वह दोनों देशों में कोई शतक नहीं लगा पाए हैं।

पोंटिंग ने ब्रिस्बेन टेस्ट के दौरान चेनल सेवन से कहा,मुझे लगता है कि उन्हें वास्तविक होना चाहिए और भविष्य की तरफ देखना चाहिए। जैसा मैंने पहले कहा कि उन्हें उसी तरह फिनिश करना चाहिए जैसा वह करना चाहते हैं। मैं यह देखना नहीं चाहूंगा कि उन्हें भारतीय दौरा या एशेज टूर मिले और फिर उन्हें कंधे थपथपा कर बाहर जाने को कहा जाए। पोंटिंग ने साथ ही कहा,उनके करियर को इस तरह समाप्त होते देखना निराशाजनक होगा। इंतजार करिये और देखिये।

मैं उम्मीद करता हूं कि वह अब से तब तक कुछ रन हासिल कर लेंगे। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कोच जस्टिन लेंगर इस मामले में पोंटिंग के विचारों से अलग राय रखते हैं और उनका मानना है कि वार्नर को टेस्ट क्रिकेट से खारिज करना जल्दबाजी होगी। लेंगर ने कहा,पिछली गर्मियों में उन्होंने अच्छी शुरूआत की है और अब उस शुरूआत को बड़े स्कोर में बदलने का समय है। हालांकि फिलहाल हर कोई पहली गेंद पर उनके आउट होने की चर्चा करेगा। लेंगर ने कहा,ऑस्ट्रेलिया जानता है कि वह उनके लिए कितने महत्वपूर्ण हैं खास तौर पर दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाजी को देखते हुए। मैं जानता हूं कि वह लड़ाकू हैं और ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं।

## खेल सुर्खिया

# हेड का अर्धशतक, आस्ट्रेलिया पहले दिन दक्षिण अफ्रीका से बेहतर स्थिति में

**ब्रिस्बेन ■**
ट्रेविस हेड ने पिच के मुश्किल हालात से निपटते हुए नाबाद 78 रन बनाकर आस्ट्रेलिया को शनिवार को यहां तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच के शुरूआती दिन स्टंप तक पांच विकेट पर 145 रन बनाने में मदद की जबकि मेजबान टीम ने दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में महज 152 रन पर आउट कर दिया था।

पहले ही दिन 15 विकेट गिरे। दिन का खेल समाप्त होने तक हेड 77 गेंद में 78 रन बनाकर क्रीज पर डटे थे। उन्होंने अपनी पारी में 13 चौके और एक छक्का जड़ा है। उन्होंने स्टीव स्मिथ (38 रन) के साथ 117 रन की भागीदारी निभाकर कप्तान पेट कमिंस के टॉस जीतकर गेंदबाजी करने के जोखिम भरे फैसले को सही करने में मदद की।

ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने कमिंस के फैसले को सही साबित करते हुए दक्षिण अफ्रीका को चाय के विश्राम से पहले 152 रन पर आउट कर दिया था। लेकिन जवाब में आस्ट्रेलिया ने 27 रन के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिये थे।

पहले 60 ओवर में 13 विकेट गिर गये थे। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा (50 रन देकर दो विकेट) ने आस्ट्रेलियाई पारी की पहली ही गेंद पर डेविड वॉर्नर को शून्य पर पवेलियन भेजकर अपनी टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई। दक्षिण अफ्रीका के आल राउंडर मार्को यानसेन (15 रन देकर एक विकेट) ने मैच में अपनी पहली ही गेंद (नौवें ओवर में) मार्नस लाबुशेन (11 रन) को शॉट खेलने के लिए उकसाया और वह स्लिप में डीन एल्गर को कैच देकर पवेलियन पहुंच गये।

फिर एनरिच नोर्किया (37 रन देकर दो विकेट) ने मैच की अपनी दूसरी ही गेंद (10वें ओवर में) उस्मान ख्वाजा (11 रन) को तीसरी स्लिप में कैच आउट करा दिया। फिर हेड क्रीज पर स्मिथ का साथ निभाने उतरे। इस जोड़ी ने मिलकर दिन की सबसे बड़ी साझेदारी निभायी। स्टंप से पहले दो ओवर में आस्ट्रेलिया ने दो विकेट गंवा दिये जिसमें स्मिथ को नोर्किया ने बोल्ड किया और फिर रबाडा ने रात्रि प्रहरी स्कॉट बोलैंड को पहले दिन की अंतिम गेंद पर विकेटकीपर के हाथों कैच आउट कराया।

हेड ने मैच के बाद कहा,क्रिकेट का रोमांचक दिन। अंत में दो विकेट गंवाना निराशाजनक रहा लेकिन यह विकेट मुश्किल है इसलिये हमें कल सुबह अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी। इससे पहले मिशेल स्टार्क, कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रम को झकझोरने में देर नहीं लगाई और जल्द ही उसका स्कोर चार विकेट पर 27 रन कर दिया। इससे बाद काइल वेरिन (64) और टेम्बा बावुमा (38) ने पांचवें विकेट के लिए 98 रन जोड़कर स्थिति संभाली। स्टार्क ने बावुमा को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी जिसके बाद ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने कहर बरपाया।

स्टार्क ने दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर (तीन) को विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराया जिसके बाद कमिंस और बोलेंड ने 11 गेंदों के अंदर तीन विकेट लिये। लियोन ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने आठ ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिए। स्टार्क ने 41 रन देकर तीन विकेट जबकि कमिंस (25 रन देकर दो) और बोलेंड (28 रन देकर दो) ने दो-दो विकेट हासिल किए।

# विश्व कप फाइनल में मेस्सी की निगाहें ट्राफी पर

**दोहा ■**
अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनल मेस्सी के लिये अब नहीं तो कभी नहीं। रविवार को यहां होने वाले फीफा विश्व कप फाइनल में जब अर्जेंटीना की टीम फ्रांस के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो यह भी तय हो जायेगा कि मेस्सी आखिरकार खेल के महानतम खिलाड़ियों की फेहरिस्त में पेले और डिएगो माराडोना की जमात में शामिल हो पायेंगे या नहीं। कईयों के लिये मेस्सी का करियर इससे भी परिभाषित होगा कि 35 साल की उम्र में आखिरकार वह अपनी टीम को फुटबॉल के इस महासमर की ट्राफी दिला पायेंगे या नहीं जो उनके करियर में चार चांद लगा देगी।



पर उनकी रास्ते में कोई कमजोर नहीं बल्कि गत चैम्पियन फ्रांस की टीम और उसका स्टार फुटबॉलर किलियान एमबापे खड़ा है। एमबापे फुटबॉल के महान खिलाड़ियों के तौर पर मेस्सी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर बढ़त बनाने के लिये बहुत अच्छी स्थिति में हैं। एमबापे 80,000 दर्शकों की क्षमता वाले लुसैल स्टेडियम में होने वाले मैच में इतिहास रचने की ओर बढ़ रहे हैं। फ्रांस का यह 23 साल का फॉरवर्ड अपने पहले ही दो विश्व कप में चेम्पियन बनकर पेले का अनुकरण करने करना चाहता है और तीसरे खिताब की संभावना भी बनाना चाहता है और यह उपलब्धि केवल ब्राजील के इस महान खिलाड़ी के नाम ही है जिन्हें 2022 टूर्नामेंट के दौरान अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

एमबापे जब 19 वर्ष थे तो उन्होंने फ्रांस को 2018 में दूसरा विश्व कप खिताब दिलाया था और 1958 में 17 वर्षीय पेले के बाद फाइनल में गोल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। पेले ब्राजील की 1962 विश्व कप जीत में चोट के कारण नॉकआउट चरण में नहीं खेले थे लेकिन एमबापे इस टूर्नामेंट में शुरू से ही फ्रांस के लिये अहम खिलाड़ी बने रहे।

बल्कि वह पांच गोल करके मेस्सी के साथ सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी की बराबरी पर हैं। 'गोल्डन बूट' का पुरस्कार कौन जीतता है तो यह फाइनल ही तय करेगा। वहीं दूसरी ओर फ्रांस की टीम खड़ी है जो ब्राजील (1962 में) के बाद लगातार विश्व कप ट्राफी जीतने वाली पहली टीम बनने की कोशिश में जुटी है। माइकल प्लातिनी, जिनेदिन जिदान, थिएरी ऑनरी और अब एमबापे जैसे खिलाड़ी देने वाली टीम पिछले सात विश्व कप में चौथी बार फाइनल में पहुंची है जो किसी अन्य टीम से कहीं ज्यादा है।

कोच डिडिएर डेसचेम्पस 1998 में बतौर खिलाड़ी विश्व कप विजेता रहे थे और अब बतौर कोच टीम को लगातार दूसरी बार खिताब दिलाने की मुहिम में जुटे हैं। विटोरियो पोज्जो एकमात्र अन्य कोच थे जिन्होंने लगातार दो बार चेम्पियन बनी इटली को 1934 और 1938 में खिताब दिलाये थे। फ्रांस की तरह अर्जेंटीना भी (1978 और 1986 के बाद) तीसरा विश्व कप खिताब जीतने की कोशिश में जुटी है ताकि वह सर्वकालिक सूची में चौथे स्थान पर पहुंच जाये। अगर ऐसा होगा तो माराडोना के मेक्सिको में 1986 प्रदर्शन के बाद टीम का 36 साल का इंतजार खत्म हो जायेगा।

उस जीत ने माराडोना को अर्जेंटीना में हमेशा के लिये 'हीरो' और फुटबॉल की दुनिया का 'आइकॉन' बना दिया था। मेस्सी अब उस स्तर की बराबरी पर दिखते हैं, रविवार को अपने रिकॉर्ड 26वें विश्व कप मैच में भले ही वह जीते या हारें। मेस्सी ने जिस तरह से अर्जेंटीना को फाइनल में पहुंचाया, उससे उनकी तुलना माराडोना से की जा रही है। मेस्सी ने पांच गोल करने के अलावा तीन गोल करने में मदद कर अपनी टीम के प्रशंसकों को रोमांचित कर दिया जो कतर में पूरे विश्व कप के दौरान मैचों में बहुतायत में नजर आये।

# नवांकुर संस्था यूनिवर्सल ज्ञानदीप शिक्षण एवं जन कल्याण समिति ने किया बोरी बन्धान

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद बालाघाट के दिशा निर्देश पर नवांकुर संस्था यूनिवर्सल ज्ञानदीप शिक्षण एवं जन कल्याण समिति लांजी के सचिव रमेश आसटकर प्रभारी सेक्टर 5 एवं ग्राम के घुड़नलाल मलगाम, बाडूदास जामरे, आशाराम डोरे, श्यामलाल सिल्हारे, प्रेमलाल बेदरे, लखन पंडेले, सोनू बेदरे तथा अन्य सदस्य लिकेश एडे सहित समिति के सदस्यों की उपस्थिति में बोरी बंधान कार्य किया गया। उक्त कार्य विकासखण्ड अंतर्गत आने वाले ग्राम नंदोरा वह कडता के ईट नाला शमशाम घाट में सहयोगी संस्था सरस्वती जनजाति संस्कार केंद्र कड़ता व नंदोरा का भरपूर सहयोग रहा। साथ ही शासकीय योजनाओं के प्रचार प्रसार, नशा मुक्ति, ऊर्जा संरक्षण, स्वच्छता, एवं बालिकाओं के प्रति हो रहे हिंसा एवं जल संरक्षण के संबंध में लोगो मे जागरूकता लाने हेतु चौपाल संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



# कंपनी संचालक बिना नाम डाले चला रहे कारखाना प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

पुष्पांजलि टुडे संवाददाता मालनपुर
पहलवान सिंह राजावत



**मालनपुर।** औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर मैं कुछ कंपनियां अपने मनमाने तरीके से कंपनी है चला रही हैं जिनको बाहर से देखने से लगता है नहीं कि कंपनी चालू है या बंद क्योंकि कारखानों के बाहर ना ही तो कंपनी का नाम डाला हुआ है ना ही रजिस्ट्रेशन क्रमांक डाला हुआ है और कंपनियां अंदर से चालू है मटेरियल से प्रोडक्ट जो बनाती हैं बना रही है यह जानकारी कंपनियों के गार्ड ने दी कंपनियां चालू है लेकिन कंपनी के संचालक बेझिझक प्रशासन से बेखौफ होकर बिना नाम का वोट लगाएं कंपनियों मैं अपना काम करवा रहे हैं कंपनी चालू है विभागीय अधिकारी यो का ध्यान ऐसे कंपनी संचालकों पर क्यों नहीं जाता क्या प्रशासन ने इनको छूट दे रखी है कि अपने मनमानी तरीके से ही यह काम कर रहे हैं क्योंकि कई कंपनियां जो बन रही है वह भी 3 साल से अपना प्रोडक्शन कर रही हैं नहीं वेतन अधिनियम का पालन किया जा रहा है नहीं आठ घंटे काम के अधिकार का पालन किया जा रहा है यह खेल निरंतर मालनपुर उद्योग क्षेत्र में कई उद्योगों में चल रहा है 8 घंटे की जगह 12 घंटे काम लिया जा रहा है मगर मजदूर को 4 घंटे का डबल ओवरटाइम नहीं दिया जाता सरेआम श्रम कानूनों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं अधिकारी कुंभकरनी की नींद में सोए हुए हैं

## इनका कहना है

लेबर इंस्पेक्टर अशोक पाठक ने कहा है कि आपने मुझे जानकारी दी मैं दिखाता हूं अगर ऐसा पाया गया तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# मालनपुर थाना पुलिस ने 719 हाईवे पर अतिक्रमण एवं यातायात व्यवस्था को लेकर लोगों को दी हिदायत

पहलवान सिंह राजावत
पुष्पांजलि टुडे संवाददाता मालनपुर

हाईवे के किनारे व्यवसाय एवं चार पहिये एवं दुकानदारों द्वारा रोड के किनारे अतिक्रमण करने वालों को एस डी ओ पी एवं थाना प्रभारी मालनपुर ने पुलिस बल के साथ फ्लैगमार्च निकालकर अतिक्रमणकारियों को हिदायत दी और कहा कि रोड से अंदर की साइड दुकान लगाकर दुकानदारी करें जिससे की दुर्घटना कम हो एवं पार्किंग की अर्थव्यवस्था बनी रहे अन्यथा चालानी कार्रवाई की जाएगी फ्लैग मार्च मालनपुर थाने से लेकर हनुमान चौराह मनहार होटल तक निकाली ज्ञात रहे कि हनुमान चौराहे मालनपुर नेशनल हाईवे के किनारे दुकानें एवं टैक्सी लग जाने से रोड पर जाम लग जाता था जिससे आने जाने वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ती है और एक्सीडेंट की घटना होने का भी अंदेशा रहता है इस क्रम में आज एस डी ओ पी गोहद सौरभ कुमार थाना प्रभारी विनोद विनायक करकरे व एसआई बलवंत सिंह यादव प्रधान आरक्षक राघवेंद्र शुक्ला प्रधान आरक्षक कमल माहौर आरक्षक नवीन तोमर आरक्षक सोनू सिंह व समस्त पुलिस बल ने लोगों को बताया कि अगर ऐसा पाया गया तो दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# किशोरी वैष्णवी गर्ग के मुखारबिन्द से चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर नंद के आनंद भयो जय कन्हैयालाल के जयकारे लगाकर श्रद्धालु नृत्य करने लगे

ब्यूरो रिपोर्ट -रीतेश अवस्थी



**दमोह।** विवेकानंद नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें श्रद्धालु जमकर थिरके एवं परिसर में बैठे समस्त भक्तों ने भगवान श्री कृष्ण के जयकारों तथा नंद के आनन्द भयो, जय कन्हैयालाल की जय से गूंजायमान हो उठा। कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा जब-जब अत्याचार और अन्याय बड़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब कंस ने सभी मर्यादाएं तोड़ दी तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। यहां पर जैसे ही श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग कथा में आया तो श्रद्धालु हरे राधा-कृष्ण के उदघोष के साथ नृत्य करने लगे। भगवान श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने भक्तों का उद्धार व पृथ्वी को दैत्य शक्तियों से मुक्त कराने के लिए अवतार लिया था। उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं।

कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग व उनके जन्म लेने के गूढ़ रहस्यों को कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग ने बेहद संजीदगी के साथ सुनाया। कथा प्रसंग सुनाते हुए कथा व्यास ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। भगवान श्रीकृष्ण गोकुल में नित्य ही माखन चोरी लीला करते हैं। मां यशोदा के बार-बार समझाने पर भी श्रीकृष्ण नहीं मानते हैं तो मां यशोदा ने भगवान को रस्सी से बांधना चाहा पर भगवान को कौन बांध सकता है, लेकिन भगवान मां की दयनीय दशा को देखते हुए स्वयं बंध जाते हैं। इसलिए भगवान को न धन, पद व प्रतिष्ठा से नहीं बांध सकता। भगवान तो प्रेम से बंध जाते हैं। कथा श्रोता श्रीमति प्रभा, आनंद मोहन नायक, आशा, प्रकाश चंद्र गुप्ता, सुमन नामदेव, आकाश नामदेव, वर्षा अठ्या, सुहाग रानी सहित समस्त भक्तों कि उपस्थिति रही ।

# पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष भिड़े, धारदार हथियार लगने से पिता व पुत्र गंभीर

उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे





**भिण्ड।** अमायन थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। इसी दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के पिता व पुत्र पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शनिवार की शाम की है। अमायन निवासी वेदराम सिंह,शैलेंद्र सिंह और नाथू सिंह,राहुल सिंह के बीच कुछ पुरानी रंजिश चल रही थी। इसी रंजिश के चलते शनिवार की शाम को दोनों पक्ष आमने सामने हो गए। तभी दूसरे पक्ष के लोगों ने शैलेंद्र सिंह वेदराम के सिर में धारदार हथियार से वार कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया तथा घायल पक्ष के दोनों लोगों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया।पुलिस ने घायल की रिपोर्ट के आधार पर नाथू सिंह,राहुल,दीपेंद्र फौजी और रंजीत निवासी अमायन के खिलाफ हत्या के प्रयास जैसी धाराओं में मामला दर्ज किया है। जबकि नाथू सिंह की फरियाद पर वेदराम और शैलेंद्र सिंह निवासी अमायन के खिलाफ भी केस दर्ज किया है।

# सपने पूरे करने पर बेटे के साथ मौजूद माता-पिता खुशी के पलों को महसूस करते हुये

## दमोह का सपूत बना भारतीय सेना का लेफ्टीनेंट

ब्यूरो रिपोर्ट -रीतेश अवस्थी



दमोह। दमोह विजयनगर निवासी सेवानिवृत्त मध्यांचल ग्रामीण बैंक अधिकारी पं. प्रवीण कुमार दीवान एवं श्रीमती शोभा दीवान प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल सलैया अरोरा के पुत्र पं. प्रखर दीवान भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बन गए हैं भारतीय सैनिक एकेडमी देहरादून से प्रशिक्षण प्राप्त कर 10 दिसंबर 2022 को पासिंग आउट परेड में उन्हें सेना में लेफ्टीनेंट पद पर सेना अधिकारी के तौर पर शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ था । इस गौरवशाली क्षण पर देहरादून में माता-पिता के द्वारा पीपिंग सेरेमनी में उनके स्टार ओपन कर उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया गया वह इस यादगार क्षण के साक्षी माता-पिता के अलावा टीवी एक्टर पं. प्रतीक दीवान भाई, भाभी श्रीमती सिंधु दीवान कथक नृत्य विशेषज्ञ व भतीजे शिव भी रहे।

पं. प्रखर दीवान का बचपन से सेना में जाकर देश सेवा करने का सपना था जिसे उन्होंने कड़ी मेहनत एवं त्याग के बल पर साकार किया हैं।केंद्रीय विद्यालय दमोह से प्रखर ने 12वीं में गणित संकाय से 93 प्रतिशत अंकों के

**दमोह का सपूत बना भारतीय सेना का लेफ्टीनेंट**

साथ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया था एवं एलएनसीटी भोपाल से सिविल इंजीनियर में 2021 में बी टेक की डिग्री प्राप्त करके फरवरी 2022 में ऑल इंडिया चतुर्थ रैंक से सेना में चयनित हुए,और भारतीय सेना एकेडमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर लेफ्टीनेंट बन गये।मातृभूमि की सेवा के जुनून को साकार करने अवसर उन्हें जो मिला उससे उनके माता-पिता और जिले के लोगो में खुशी का माहौल हैं क्योंकि अपने दमोह का नाम सम्पूर्ण भारत में रोशन किया हैं जिले वासियों कि ओर से आपको बधाई।

# राष्ट्रीय बाल रंग प्रतियोगिता में ग्वालियर का डंका

## एलेना ने सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया

महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे



**ग्वालियर।** भोपाल में चल रहे राष्ट्रीय बाल रंग महोत्सव में शासकीय उमावि पदमा की छात्रा कु.सैय्यद एलेना ने राज्य स्तरीय योग( सूर्य नमस्कार )प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तथा शासकीय उमावि उत्कृष्ट मुरार ग्वालियर की वाणी पाठक ने शास्त्रीय नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर ग्वालियर जिले को गौरवान्वित किया।जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर ने कहा कि ग्वालियर की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय कटियार, सहायक संचालक श्री आई ए जैदी, सीएम राइस पदमा के प्राचार्य श्री रविंद्र शर्मा , उत्कृष्ट मुरार के प्राचार्य श्री प्रबुद्ध गर्ग तथा दल प्रभारी श्री श्रीकांत मिश्रा तथा ग्वालियर जिले के टीम में गए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी है।



# भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन महामंत्री श्री चंद्रशेखर एक दिवसीय पाली दौरे पर

पुष्पांजलि टुडे। पाली राजस्थान

पाली। भाजपा पाली जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार के निर्देश अनुसार जिला प्रवक्ता तिलोकराम चौधरी ने बताया कि जन आक्रोश यात्रा की समीक्षा बैठक होगी। 19 दिसंबर को बाली व सुमेरपुर विधानसभा की मीटिंग इंद्राणी वाटिका सुमेरपुर में दोपहर 12:00 बजे लेंगे ।तथा सोजत व मारवाड़ विधानसभा की मीटिंग दोपहर 2:00 बजे सोजत होटल हाईवे होल्ड पर लेंगे तथा जन आक्रोश यात्रा की समीक्षा बैठक भी करेंगे ।भारतीय जनता पार्टी आरोप पत्र वितरण का कार्यक्रम जिले भर मे चल रहा है ।कांग्रेस सरकार के कुशासन के खिलाफ आमजन को जागरूक करने के लिए आरोप पत्र वितरण किया जा रहा है। आरोपपत्र में प्रदेश मे जंगलराज और कुशासन खोखले वादे कर कांग्रेस ने किसानों को ठगा महिलाओं के साथ हो रहा अत्याचार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ काग्रेस सरकार राज में अनुसूचित जाति एवं जनजातियों और बुजुर्गो का शोषण बढा व स्वास्थ्य सेवा भी बीमार हो गई। और कांग्रेस काल में ध्वस्त कानून व्यवस्था प्रमुख मुद्दा है । लगातार आमजन को जागरूक कर जनआक्रोश यात्रा के द्वितीय चरण में 15 से 25 दिसंबर तक प्रत्येक बूथ पर जिले में 1729 पर जनआक्रोश आरोप पत्र वितरण कार्यक्रम लगातार चल रहे हैं। इसी कड़ी में आज महाराणा प्रताप मंडल मे तथा रोहट मंडल मे आरोप पत्र वितरण किए गए जनआक्रोश यात्रा संयोजक तिलोक चौधरी सह संयोजक प्रताप सिंह जौधा मंडल अध्यक्ष नरपत दवे ताराचंद माहेश्वरी गुमान सिंह रावत महिपाल सिंह चारण परेमसिह महेचा परेमसिह चारण सहित भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अमर शहीद पं. रामप्रसाद बिस्मिल के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में रक्तादान शिविर में अम्बाह टीआई ने किया रक्तदान

केशब पंडित जी अम्बाह...



**अम्बाह।** सिबिल हॉस्पीटल में आज रक्तदान शिबिर में अम्बाह थाना प्रभारी एक यूनिट ब्लड दान किया और उन्हॉने अपने अधीनस्थो को भी पेरित कर रक्तदान में महती भूमिका निभाई और उन्हौने कहा कि एक माँ के आंसू भी उसके बच्चे की जिंदगी नहीं बचा सकते हैं, लेकिन आप उसे खून देकर उसकी जिंदगी बचा सकते हैं।

**रक्तदान करें और किसी की जान बचाएं**-आपके द्वारा दिया हुआ रक्तदान किसी की जिंदगी बचा सकता है। आप का एक यूनिट रक्त दान किसी की जिंदगी में अपार खुशियां भर देता हे और आप के मन को अपार शांति और खुशी मिलती है। ऐसा मेरा स्वयं का अनुभव है। में समय समय पर जहॉ होता हू इस काम में जरूर भाग लेकर एक यूनिट ब्लड दान करता हूं।

# दिल के दौरे के ख़तरे को करना है कम, तो बदलनी होंगी ये 7 आदतें: डॉ. आशीष चौहान

केशब पंडित जी पत्रकार अम्बाह...

अम्बाह...डा.आशीष चौहान के द्वारा हृदय संवंधी रोगो के लिये सिबिल हॉस्पीटल अम्बाह में निशुल्क कैम्प लगाया गया जिसमे ईसीजी से लेकर बीपी सुगर आदि जॉचे डाक्टर साहब की टीम द्वारा निशुल्क की गई तथा डा. आशीष चौहान ने बताया कि हृदय संबंधी मौतों और दिल के दौरे को रोकने के लिए हमारे लिए वो समय आ गया है जब हमें अपने जीवन जीने के तरीकों में स्वस्थ बदलाव करने की ज़रूरत है। तो आइए जानें ऐसी 7 आदतों के बारे में जिन्हें आपको बदलना ही होगा।

अम्बाह... कुछ दिन पहले भिंड में कम उम्र के बच्चे की हार्ट हटैक से मौत व कुछ समय पहले दिल्ली में सोनाली फोगाट, केके और सिद्दार्थ शुक्ला जैसे सिलेब्ज़ का कार्डियेक समस्याओं के चलते कम उम्र में निधन हो जाना सबके दिमाग में सवाल पैदा करता है- क्या हम असल में एक हेल्दी लाइफस्टाइल जी रहे हैं। अगर आप एक्सरसाइज़ नहीं करते, तो आपका दिल का दौरा पड़ने का ख़तरा और भी बढ़ जाता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, पिछले कुछ समय में हार्ट अटैक के मामले बढ़ने के पीछे के कारण हर व्यक्ति में अलग हो सकते हैं। इनमें से सबसे बड़ी वजहें हैं, खराब लाइफस्टाइल और आदतें। इसके अलावा तनाव भी दिल के दौरे का कारण बनता है।

**हेल्दी हार्ट के लिए लाइफस्टाइल में करें ये ज़रूरी 7 बदलाव रोज़ाना एक्सरसाइज़ करें**-रोज़ाना वर्कआउट करना बेहद ज़रूरी है। रोज़ कम से कम 30 से 60 मिनट के लिए व्यायाम ज़रूर करें, क्योंकि इससे आपके शरीर का



वज़न कंट्रोल में रहता है और दिल की बीमारी, हाई कोलेस्ट्रोल और डायबिटीज़ जैसे रोग का जोखिम कम होता है। हेल्दी डाइट ही लें। ज़्यादा से ज़्यादा सब्ज़ियां और फल खाएं। अगर आप नॉन-वेजीटेरियन हैं, तो मछली और चिकन जैसे लीन मीट ही खाएं। रेड मीट, ज़्यादा नमक और चीनी के सेवन से बचें। प्रोसेस्ड फूड और शराब से दूर रहें। अपनी लंबाई के हिसाब से वज़न को बनाए रखें। स्मोकिंग छोड़ें। सबसे ज़रूरी है कि हम स्मोक करना छोड़ें। अपने दिल को सेहतमंद रखने के लिए आपको स्मोक करना या तंबाकू का उपयोग करना छोड़ना होगा। अगर आप स्मोक नहीं करते, तो आपको पैसिव स्मोकिंग से बचना चाहिए यानी ऐसे लोगों के साथ न खड़े हों जो स्मोक कर रहे हों।

**नींद पूरी लें**-नींद न आना आज की आम समस्या बन गई है। रात में कम से कम 7-8 घंटे की अच्छी नींद लेना बेहद ज़रूरी हो गया है। जो लोग रात में पूरी नींद लेते हैं, उनमें हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज़, अवसाद और दिल के दौरे का ख़तरा कम होता है।

**तनाव से दूर रहें**-तनाव को मैनेज करना बेहद ज़रूरी होता है, क्योंकि इससे आप ओवरइटिंग, शराब के सेवन और स्मोकिंग से बचते हैं। अपने आपको ध्यान, फिज़िकल एक्टिविटी, रिलेक्सिंग टेकनीक जैसी चीज़ों में बिज़ी रखें।ब्लड प्रेशर पर नज़र रखें। क्योंकि दिल की बीमारियों की शुरुता ब्लड प्रेशर के बढ़ने से ही शुरू होती हैं, इसलिए इस पर चेक रखना ज़रूरी हो जाता है। 18 के होते ही हर एक या दो साल में ब्लड प्रेशर पर नज़र रखना शुरू कर देना चाहिए। ब्लड शुगर स्तर को भी करें चेक। अगर आपके परिवार में डायबिटीज़ का इतिहास रहा है, तो आपको कम उम्र से ही स्क्रीनिंग शुरू कर देनी चाहिए।

# लाइव सेशन में पत्नी दीपिका से रणवीर ने की मस्ती



बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह ने सोशल मीडिया पर अपनी पत्नी-एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण के लाइव चेट के दौरान कमेंट सेक्शन में जमकर मस्ती की और मजेदार कमेंट किया। स्टार कपल अपने प्यार का खुलेआम इजहार करने के लिए जाने जाते हैं। हालांकि इस बार रणवीर ने प्यार जताने के लिए केक लिया। शुक्रवार को दीपिका इंस्टाग्राम पर एक लाइव सेशन कर रही थीं और रणवीर सीधे उनके कमेंट सेक्शन में गए और कहा कि वह चाहते हैं कि वह अपने सॉफ्ट हाथों से अपने चेहरे पर मॉइस्चराइजर लगाएं। दीपिका अपने स्किनकेयर प्रोडक्ट के लिए लाइव सेशन कर रही थीं और इसकी खूबियां बता रही थीं। उन्होंने लिखा, वाह वाह, हमें भी इंटरेस्ट है स्किनकेयर में। हम भी चेहरे पर मॉइस्चराइजर लगाते हैं, थोड़ा मेंटेन करना अच्छी बात है।

# उर्वशी रौतेला ने गाना पर किया डांस

बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने मेरा दिल ये पुकारे आजा गाना पर डांस किया है। पाकिस्तानी वायरल गर्ल आयशा ने अपने दोस्त की शादी में लता मंगेशकर के गाने मेरा दिल यह पुकारे आजा पर डांस किया था। उनका किया हुआ डांस रातों-रात वायरल हो गया।



बॉलीवुड के कई कलाकार इस गाने पर आयशा के अंदाज में थिरकने लगे।उर्वशी रौतेला ने भी ट्रेंडिंग गाना 'मेरा दिल ये पुकारे आजा' पर डांस किया है। उर्वशी ने यलो सूट पहना हुआ है जिसमें वह कमाल की लग रही हैं। वीडियो के बेकग्राउंड में 'भीगा भीगा है समां, ऐसे में है तू कहां' गाना चल रहा है।

# फिरोज नाडियाडवाला बनायेंगे वेलकम टू द जंगल

बॉलीवुड फिल्मकार फिरोज नाडियाडवाला अपनी सुपरहिट फिल्म वेलकम का तीसरा संस्करण वेलकम टू द जंगल बनाने जा रहे हैं। वेलकम में अक्षय कुमार ने मुख्य भूमिका निभायी थी। वेलकम की सफलता के बाद वेलकम का सीक्वल वेलकम बेक बनाया गया, जिसमें अक्षय कुमार की जगह जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में थे। अब वेलकम का तीसरा संस्करण बनाया जा रहा है। फिल्म का नाम वेलकम 3 नहीं होगा, मेकर्स ने वेलकम 3 का नाम और थीम दोनों को बदल दिया है।



फिल्म निर्माता फिरोज नाडियाडवाला ने बताया कि वेलकम 3 का नाम वेलकम टू द जंगल होगा। उन्होंने कहा कि फिल्म उस पैमाने पर बनाई जाएगी जो बॉलीवुड में पहले कभी नहीं देखी गई है।'वेलकम टू द जंगल' में शानदार कॉमेडी और एंटरटेनमेंट होगा, लेकिन इसके साथ ही फिल्म में मिलिट्री एक्शन को भी दिखाया जाएगा। इसमें एक्शन बहुत ज्यादा होगा, जिसके लिए हम एक हेलीकॉप्टर यूज करने वाले हैं। भारतीय सिनेमा में अभी तक इस तरह का एक्शन नहीं देखा गया है। इसे या तो जम्मू और कश्मीर या फिर यूरोप के कुछ हिस्सों में शूट किया जाएगा, जहां घने जंगल हैं।

# रणवीर सिंह की फिल्म सर्कस का गाना सुन जरा रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म सर्कस का गाना सुन जरा रिलीज हो गया है। फिल्मकार रोहित शेट्टी की फिल्म सर्कस में रणवीर सिंह की मुख्य भूमिका है। फिल्म सर्कस का गाना सुन जरा रिलीज हो गया है। रोहित शेट्टी ने फिल्म के इस गाने में रेट्रो स्टाइल रीक्रिएट किया है।सुन जरा एक रोमांटिक सॉन्ग है, जिसे सिंगर पापोन और श्रेया घोसाल ने अपनी आवाज दी है। वहीं, गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं। सुन जरा में जेकलीन फर्नांडीज रेड कलर के टॉप और ब्राउन कलर के स्कर्ट में नजर आ रही हैं और रणवीर के साथ सड़क पर रोमांस करते हुए नजर आ रही हैं। वहीं, फिल्म की दूसरी हीरोइन पूजा हेगड़े येलो कलर की शिफॉन साड़ी में नजर आ रही हैं और चाय के खूबसूरत बाग में रणवीर संग डांस कर रही है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी सर्कस में रणवीर सिंह के साथ वरुण शर्मा भी डबल रोल में नजर आएंगे। सर्कस में रणवीर के साथ पूजा हेगड़े और जैकलीन फर्नांडीज लीड रोल में हैं।बताया जा रहा है कि सर्कस कॉमेडी फिल्म अंगूर की रीमेक है। यह फिल्म 23 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर रिलीज की जाएगी।इस फिल्म में अजय देवगन और दीपिका पादुकोण का स्पेशल अपीयरेंस होगा।




# अर्जुन कपूर फिल्म कुत्ते का फर्स्ट लुक रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर की आने वाली फिल्म कुत्ते का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। बॉलीवुड फिल्मकार विशाल भारद्वाज के बेटे आसमान भारद्वाज के निर्देशन में बनी फिल्म 'कुत्ते' में अर्जुन कपूर मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म में अर्जुन कपूर के अलावा नसीरुद्दीन शाह, कोंकणा सेन शर्मा, तब्बू, कुमुद मिश्रा, राधिका मदान और शर्दुल भारद्वाज भी नजर आएंगे। इस फिल्म का फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया है। अर्जुन कपूर ने इंस्टाग्राम पर 'कुत्ते' का मोशन टीजर शेयर किया है। फिल्म का पहला लुक जारी करते हुए अर्जुन कपूर ने कैप्शन दिया, 'एक हड्डी और 7 कुत्ते। #कुत्ते13 जनवरी को सिनेमाघरों में। गोरतलब है कि 'कुत्ते' का निर्माण लव फिल्म्स और विशाल भारद्वाज फिल्म्स के बैनर तले लव रंजन, विशाल भारद्वाज, अंकुर गर्ग और रेखा भारद्वाज ने किया है।



# यश ने 700 से ज्यादा फैंस के साथ ली सेल्फी

अखिल भारतीय सुपर स्टार यश जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर अपनी काबिलियत साबित की है, वह फैंस के लिए अपने प्यार और स्नेह के लिए भी जाने जाते हैं। हाल ही में, उन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया कि जब दिल जीतने की बात आती है तो वह सबसे आगे हैं। एक इवेंट में यश ने 700 से अधिक फैंस के साथ सेल्फी/तस्वीरें क्लिक कीं। इवेंट के आयोजकों ने सुझाव दिया कि ग्रुप पिक्चर्स को शूट करना एक अच्छा आइडिया हो सकता है, लेकिन स्टार ने असहमति जताई और कार्यक्रम में मौजूद सभी फैंस के साथ एक तस्वीर क्लिक करने का विकल्प चुना। सेल्फी और फोटोज क्लिक करवाने में इवेंट को समाप्त होने में एक घंटा और लगा। यश के दयालु और गर्मजोशी भरे स्वभाव की बैंगलोर में उनके फैंस ने काफी सराहना की, जो दूर-दूर से उनकी एक झलक पाने के लिए आए थे। विनम्र पृष्ठभूमि से आने वाला अभिनेता यश एक सेल्फ मेड स्टार है, जो बड़े पैमाने पर स्टारडम के बावजूद जमीन से जुड़े रहना पसंद करते हैं।



# 'बेशर्म रंग' के लिए दीपिका पादुकोण का ट्रोल होना गलत: राम्या

कन्नड़ इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस और पूर्व सांसद राम्या उर्फ दिव्या स्पंदना दीपिका पादुकोण की अपकमिंग फिल्म 'पठान' के एक गाने 'बेशर्म रंग' पर विवाद पैदा होने के बाद उनके समर्थन में उतरी। देश भर के हिंदुत्व कार्यकर्ताओं ने गाने पर आपत्ति जताई है और कहा है कि एक्ट्रेस की ड्रेस लव जिहाद को बढ़ावा देती है। लंबे समय के बाद कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में वापसी कर रही एक्ट्रेस राम्या ने दीपिका को कपड़ों के लिए ट्रोल किए जाने के लिए नारी द्वेष को जिम्मेदार ठहराया है। राम्या ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा, सामंथा को उनके डायवोर्स के लिए ट्रोल किया गया। साई पल्लवी को उनके ओपिनियन के लिए, रश्मिका को उनके सेपरेशन के लिए, वहीं दीपिका को उनके कपड़ों के लिए, कई अन्य महिलाओं को हर चीज के लिए ट्रोल किया गया। चुनने का अधिकार हमारा बेसिक राइट है। महिलाएं मां दुर्गा का रूप मानी जाती हैं, लेकिन इस बुरी भावना के खिलाफ हमें लड़ना ही होगा। कन्नड़ फिल्म 'स्वाति मुत्तिना माले हनीये' का निर्माण करने के अलावा, वह इसमें एक प्रमुख भूमिका भी निभाएंगी। कन्नड़ अभिनेता और कार्यकर्ता चेतन कुमार ने 'बेशर्म रंग' गाने के विरोध को तुच्छ बताया था। दूसरी ओर, श्री राम सेना के संस्थापक प्रमोद मुथालिक ने चेतावनी दी थी कि अगर गाने को वापस नहीं लिया गया तो वे 'पठान' पर प्रतिबंध लगाने के लिए देशव्यापी अभियान शुरू करेंगे।



बहुरंग

# मार्को लियोनार्डी के साथ नजर आयेंगी चित्रांगदा सिंह



बॉलीवुड अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह इंडो-इटैलियल फिल्म में मार्को लियोनार्डी के साथ नजर आयेंगी। चित्रांगदा सिंह, फिल्मकार गौतम घोष की अगली इंडो-इटैलियन फिल्म में मुख्य भूमिका निभाती नजर आयेंगी। इस फिल्म में चित्रांगदा सिंह इटली के दिग्गज अभिनेता मार्को लियोनार्डी के साथ नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग 2019 में शुरू हुई थी, लेकिन महामारी के कारण बाकी फिल्मों की तरह इस फिल्म की भी शूटिंग रुक गई और अब टीम ने एक बार फिर से फिल्म पर काम शुरू कर दिया है। इस फिल्म की शूटिंग का एक बड़ा हिस्सा मुंबई और जबलपुर में शूट किया जाएगा। इस फिल्म का फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया है।इस पोस्टर में प्लेन ऑरेंज साड़ी और कम से कम मेकअप में चित्रांगदा काफी खूबसूरत नजर आ रही हैं। इस फिल्म की पटकथा गौतम घोष और जगन्नाथ गुहा ने लिखी हैं, साथ ही दो इटैलियन स्क्रिप्ट राइटर एमेडियो पगनीनी और सर्जियो स्केपग्निनी ने भी स्क्रिप्ट पर काम किया हैं। इस फिल्म को अंग्रेजी, हिंदी और आंशिक रूप से इटैलियन में बनाया जा रहा है।

दिलचस्प

# विक्की कौशल संग काम करेंगी तृप्ति डिमरी की जोड़ी

बॉलीवुड अभिनेता विक्की कोशल और तृप्ति डिमरी की जोड़ी फिल्मकार करण जोहर की आने वाली फिल्म में नजर आयेगी। प्राइम वीडियो ने धर्मा प्रोडक्शंस और लियो मीडिया कलेक्टिव के साथ एक नई फिल्म की घोषणा की है।इस फिल्म में विक्की कोशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क मुख्य किरदारों में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन आनंद तिवारी करेंगे। निर्माताओं में हीरू यश जोहर, करण जोहर, अपूर्वा मेहता, अमृतपाल सिंह बिंद्रा और आनंद तिवारी के नाम शामिल हैं। फिल्म 28 जुलाई 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। थिएट्रिकल रिलीज के बाद यह फिल्म प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। करण जोहर ने इस फिल्म को लेकर कहा कि यह फिल्म कई मायनों में खास रहेगी। इसे एक मास्टर स्टोरी टेलर निर्देशित कर रहे हैं। नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले एक्टर विक्की कोशल इसमें काम कर रहे हैं। यह प्राइम वीडियो के साथ हमारे जुड़ाव को आगे ले जाने वाला प्रोजेक्ट है। प्राइम वीडियो के साथ मिलकर हमने कुछ यादगार कहानियां दुनिया को दी हैं। शेरशाह और गहराइयां सीधे ओटीटी पर आयी थीं। प्राइम वीडियो के साथ लाइसेंसिंग, ओरिजिनल सीरीज और फिल्मों के निर्माण के बाद थिएट्रिकल को-प्रोडक्शन करने के लिए हम रोमांचित हैं।



# सिद्धार्थ-रश्मिका की फिल्म मिशन मजनू का टीजर रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म मिशन मजनू का टीजर रिलीज कर दिया गया है। आरएसवीपी और गिल्टी बाय एसोसिएशन मीडिया की आने वाली जासूसी थ्रिलर फिल्म मिशन मजनू में सिद्धार्थ मल्होत्रा और रश्मिका मंदाना की मुख्य भूमिका है। सिद्धार्थ मल्होत्रा इस फिल्म में एक रॉ एजेंट की भूमिका निभाएंगे, जो पाकिस्तानी धरती पर भारत के गुप्त ऑपरेशन का नेतृत्व करते हैं। यह फिल्म पाकिस्तान की धरती पर भारत के सबसे साहसी गुप्त ऑपरेशन से प्रेरित है।शांतनु बागची द्वारा निर्देशित, यह फिल्म 1970 के दशक में सेट की गई है।




इस फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म की पहली झलक में सिद्धार्थ को एक रॉ एजेंट के किरदार में दिखाया गया है। टीजर में एक्टर कहते हैं, मैं भारत की रक्षा के लिए कुछ भी करूंगा। सिद्धार्थ मल्होत्रा ने टीज़र को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। उन्होंने पोस्ट के केप्शन में लिखा है, इस मजनू के काम करने का तरीका अलग है, पेश है मिशन मजनू का ऑफीशियल टीज़र केवल नेटफ्लिक्स पर, 20 जनवरी, 2023। गोरतलब है कि रॉनी स्क्रूवाला, अमर बुटाला और गरिमा मेहता (गिल्टी बाय एसोसिएशन मीडिया) द्वारा निर्मित फिल्म मिशन मजनू को, परवेज़ शेख, असीम अरोरा, और सुमित बठेजा ने लिखा है।यह फिल्म 20 जनवरी, 2023 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



# भ्रष्टाचारी, कर्मचारी और अधिकारी को जेल भिजवाऊगा: विधायक उमाकांत शर्मा

## विधायक उमाकांत शर्मा ने किया 49.90 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**
**7354526108**

सिरोंज। श्री विश्वनाथ मंदिर तीर्थ क्षेत्र देवपुर में रविवार को सत्संग मंडपम एवं यात्री दिवस बसेरा भवन निर्माण के लिए विधायक उमाकांत शर्मा के मुख्य आतिथ्य में भूमि पूजन समारोह का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम, पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वीकृत 49.90 लाख रुपए की लागत यह विकास कार्य होंगे, जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि देवपुर बाबा विश्वनाथ का धाम है, जिसमें उन्होंने विश्वनाथ धाम का महत्व एवं पौराणिक कथाओं से भी अवगत कराया साथ ही उन्होंने कहा यह तीर्थ क्षेत्र भी है, और इसका विकास पर्यटन क्षेत्र के रूप में किया जा रहा है। पिछले हफ्ते ही देवपुर मंडल के अंतर्गत ग्राम भियां खेड़ी में 1.30 करोड़ रुपए से होने वाले निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास किया था। तीव्र गति के साथ विकास कार्य कराने में जुटा हुआ हूं। तीन वर्ष कोरोना संक्रमण के दौरान प्रदेश ही नहीं दुनिया भर में विकास का पहिया थम गया था। लेकिन देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान ने हार नहीं मानी और उन्होंने विकास के लिए नीति निर्धारित की। मैं भी लगातार यही प्रयास कर रहा हूं, कोरोना संक्रमण काल की तीन साल की खाई को पाट सकूं। अब गति के साथ विकास कार्य भी कराए जा रहे हैं और समाज के हर जरूरतमंद वर्ग को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और हम सबका प्रयास यह मंत्र देश के प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने दिया है इसी मंत्र के साथ आज हम विकास कार्य में लगे हुए हैं आज समाज और धर्म के नाम पर देश को तोड़ने की अनेक प्रकार की कोशिश हो रही है लेकिन हम सब मिलकर उन कोशिशों को नाकाम करेंगे साथ ही उन्होंने कहा कि मेरे क्षेत्र के भ्रष्टाचारी अधिकारी कर्मचारियों को मैंने जेल भिजवाया है और यदि अब भी कोई अधिकारी कर्मचारी भ्रष्टाचार मे लिप्त पाया जाता है तो मैं उसे फिर जेल करवाऊगा।




**लक्ष्मीकांत जी को याद कर भावुक हुए विधायक** -कार्यक्रम का संचालन कर रहे सतीश श्रीवास्तव ने जब विधायक जी को मंच पर बोलने के लिए आमंत्रित किया तब उन्होंने लक्ष्मीकांत जी को राम एवं उमाकांत जी को लक्ष्मण कहकर संबोधित किया जिस पर विधायक जी ने कहा कि मैं लक्ष्मीकांत जी का अनुज तो हूं लेकिन लक्ष्मण की तपस्या और समर्पण के आगे मैं कुछ भी नहीं हूं वहीं विधायक जी लक्ष्मीकांत जी को याद करते हुए भावुक हो गए और उनकी आंखों से आंसू निकल आए और कहने लगे वर्ष 2013 का समय हमारे जीवन का संकट का समय था हम उस समय चुनाव हार गए और अनर्गल आरोपों के चलते लक्ष्मीकांत जी को जेल हो गई थी जब वह जेल से बाहर निकले सिरोंज लटेरी सहित पूरे प्रदेश में जो स्वागत हुआ वह वाकई अद्भुत था हमें आपका प्रेम हमें 1993 से मिलता रहा है सिरोंज लटेरी की जनता मेरी माई बाप है। वहीं उन्होंने कहा कि जब जब कमलनाथ सिरोंज आते हैं तब तब सिरोंज भाजपा को मजबूती मिली है पूर्व में भी कमलनाथ और दिग्विजय सिंह जी सिरोंज आए थे तब भी सिरोंज लटेरी की जनता ने मेरे मंजिलें भाई लक्ष्मीकांत शर्मा को बारी बहु मतों से हमें जिताया था। वहीं इसके पूर्व वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह बघेल ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के महत्व पर प्रकाश डाला एवं भाजपा उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह दांगी ने कहा कि पिछले चुनाव मैं जो विधायक जी को जीत हासिल हुई थी हम सब मिलकर आपको दोगुनी मतों से विजई बनाएंगे। कार्यक्रम का संचालन सतीश श्रीवास्तव ने एवं आभार एसडीएम प्रवीण प्रजापति ने व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष पुष्पा हमीर सिंह यादव, ने की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष दरयाब सिंह कुर्मी,जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह दांगी, भाजपा देवपुर मंडल अध्यक्ष झारसिंह यादव,चितावर मण्डल अध्यक्ष चरण सिंह राजपूत,कैलाश शर्मा,संजीव माथुर, वरिष्ठ नेता सूबा जी राजपूत,नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,रमेश यादव,मनोज साईनाथ, जितेंद्र बघेल,जिला पंचायत सदस्य मंजू यादव,जनपद सदस्य सरोज राजपूत,राजेश आजा मंडल अध्यक्ष विनोद मड़ोतिया, रिंकू सुमन , कलेक्टर सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारीगण सहित सैकड़ों की संख्या में नागरिकगण ग्रामवासी उपस्थित थे।




# नगरा थाना प्रभारी नरेश निरंजन की ताबड़ तोड़ कार्रबाही

## चंबल नदी के अवैद्य रेत से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ा

**केशब पंडित जी पत्रकार अम्बाह**

**पोरसा।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसिह नरबरिया के निर्देशन में व अम्बाह एसडीओपी परिमाल सिह मेहरा के मार्गदर्शन में अबैध रेत उत्खनन व परिवहन के बिरूध अभियान में क्षेत्र में बढ़ रहे चंबल नदी के रेत के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने हेतु रविवार को दोपहर मे मुखविर की सूचना पर नगरा थाना प्रभारी नरेश निरंजन ने भदावली घाट तरफ से भूप पुरा की तरफ आ रहे चंबल नदी के अवैध रेत से भरे हुये एक लाल कलर के महिन्द्रा ट्रैक्टर व ट्रोली सहित जप्तकर धारा 379, 414 भादवि. के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध किया है । उक्त सराहनीय कार्य मे थाना प्रभारी नगरा नरेश निरंजन, सउनि.आर.एन. दोहरे, प्र.आर. मधुराज सिंह, प्र.आर. रमाशंकर ओझा, प्र.आर. मुनेन्द्र सिंह, आर. रविन्द्र सिंह, आर. भूपेन्द्र यादव, आर. कुशवेन्द्र भदौरिया की अहम भूमिका रही है ।

## जैन तीर्थ सम्मेदशिखर को पर्यटन स्थल घोषित करने के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**ब्यूरो रिपोर्ट -रीतेश अवस्थी**

दमोह। दमोह जिले के बांदकपुर में जैन समाज के लोगो ने एक ज्ञापन सौंपा उनका कहना हैं कि भारतवर्ष के समस्त जैन समाज के सबसे बड़े पर्वाधिराज 20 तीर्थकरों कि मोक्षभूमि श्री सम्मेदशिखर को झारखंड सरकार द्वारा पर्यटन स्थल घोषित करने के विरोध में सकल दिगम्बर जैन समाज बांदकपुर द्वारा जुलुश निकालकर हाथ मे काली पट्टी बांधकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें जैन समाज के बच्चे, बूढे एवं ब?ी संख्या में महिलाओं ने बांदकपुर पुलिस चौकी पहुंचकर नायाब तहसीलदार एवं चौकी प्रभारी को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सहित झारखंड मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन दिया। जिसके प्रमुख बिंदु ज्ञापन में जैन समाज द्वारा उल्लेख किये गए हैं।

## इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड कोड रिव्यू कमेटी की बैठक संपन्न

**ब्यूरो रिपोर्ट -रीतेश अवस्थी**

दमोह। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के तत्वावधान में 17वी इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड कोड रिव्यू कमेटी की बैठक 19 दिसम्बर को जबलपुर स्थित बिजली कंपनियों के मुख्यालय में आयोजित की जायेगी। बैठक की अध्यक्षता मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी करेगें। बैठक में ग्रिड कोड से संबंधित विभिन्न तकनीकी मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। बैठक में मध्यप्रदेश ट्रांसमिशन कंपनी के अलावा मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी,पूर्व क्षेत्र, मध्य क्षेत्र, पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनियों, मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी, एन.एच.डी.सी. एवं अन्य संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेगें।

## एसडीओपी ने किया थाने का औचक निरीक्षण

**घाटीगांव मोहना**





हाल ही में पृथ्वीपुर जिला निवाड़ी से ट्रांसफर होकर आएं नवागत एसडीओपी संतोष कुमार पटेल ने मोहना थाने का औचक निरीक्षण किया। मोहना थाने के सभी लंबित अपराधों की विवेचना की तथा लंबित अपराधों पर पुलिस बल को जल्द से जल्द निराकरण करने के लिए कहा तथा आवश्यक निर्देश दिए साथ ही पुलिस व्यवस्था चाक-चौबंद करने हेतु थाना प्रभारी को निर्देशित किया वही पुलिस गश्त बढ़ाने के लिए स्टाफ को निर्देशित किया तथा अवैध रूप से चल रहे कार्यों की समीक्षा कर जल्द से जल्द शक्ति से निपटने का निर्देश दिया। इसके बाद एसडीओपी ने थाना परिसर स्थित कंप्यूटर कक्ष ,मुंशी कक्ष ,हवालात , मैस आदि का निरीक्षण किया इस मौके पर एसडीओपी संतोष कुमार पटेल, थाना प्रभारी अजय पाल सिंह, एवं मोहना थाने का स्टाफ मौजूद रहा।

# परशुराम सेना करेगी ब्राह्मण समाज की प्रतिभाओं का सम्मान



**पुष्पांजलि टुडे**
**रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज।** रविवार को राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संगठन के जिलाध्यक्ष देवकीनंदन शर्मा ने बताया कि हमने बैठक में तय किया है कि समाज के प्रतिभावान युवक युवतियों का सम्मान किए जाने को लेकर कार्य योजना बनाई साथ ही अन्य सामाजिक विषय पर भी चर्चा की गई एवं उन्होंने कहा कि 8 जनवरी को भोपाल में करणी सेना के द्वारा विशाल कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है जिसमें हमारी टीम भी कार्यक्रम में सहभागिता करने के लिए पहुंचेगी इस दौरान परशुराम सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष गौरव शर्मा, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष शिवम शर्मा, तहसील अध्यक्ष अंकित भार्गव, डॉ विनोद शर्मा , प्रशांत पालीवाल , अक्षय शर्मा ओम प्रकाश दुबे राजभान शर्मा ऋषि कांत भार्गव प्रदीप शर्मा सतीश शर्मा रविंद्र शर्मा विवेक शर्मा नीतेश दुबे सुमित शर्मा मौसम शर्मा केशव भार्गव संजीव शर्मा राजकुमार शर्मा दीनदयाल शर्मा गोवर्धन शर्मा महेंद्र शर्मा सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने मुख्यमंत्री को अपने खून से पत्र लिखा

## संविदा समाप्त कर नियमितीकरण और समान काम समान वेतन कि मांग, धरना जारी

**ब्यूरो रिपोर्ट -रीतेश अवस्थी**

दमोह। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के धरने का दूसरा दिन लगातार जारी है। विरोध प्रदर्शन करते हुए आज स्वास्थ्य कर्मियों ने कलेक्ट्रेट के सामने धरना स्थल पर अपना खून निकालकर मुख्यमंत्री को खत लिख कर अपनी मांगें भेजी है। दर्जनों स्वास्थ्य कर्मियों ने धरना स्थल पर ही सिरेंज से खून निकाला और उसे एकत्रित करने के बाद सफेद कागज पर मुख्यमंत्री के नाम अपनी मांगों के संदेश भेजे। स्वास्थ्यकर्मियों का कहना है कि वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कई सालों से सेवाएं दे रहे, लेकिन उन्हें बहुत कम वेतन दिया जाता है। संविदा एक हिसाब से कर्मचारियों के लिए बीमारी है, जिसके कारण वह अपने परिवार का ठीक से भरण-पोषण नहीं कर पा रहे। उन्होंने कई बार सरकार से मांग की है। उन्हें केवल आश्वासन ही मिला है। उनकी मुख्यमंत्री से मांग है कि अब उन सभी को नियमित किया जाए और समान काम समान वेतन लागू किया जाए। इन कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उन्हें लाभ नहीं मिलेगा हड़ताल जारी रखेंगे। स्वास्थ्य का यह भी कहना है कि उन्हें खेद है कि जिले की स्वास्थ्य सेवाएं उनके हड़ताल पर जाने के कारण प्रभावित हो रही है, लेकिन वह लोगों से माफी चाहते हैं क्योंकि उन्हें भी अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए पर्याप्त राशि कि आवश्यकता है। सरकार उनकी मांगे पूरी करेगी, तो वह तत्काल ही सेवा देने के लिए वापस आ जाएंगे।

# नए वर्ष के नए संकल्प विषय पर एक दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन






**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**

मालनपुर /प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में, नए वर्ष के लिए नए संकल्प... विषय पर विभिन्न वक्ताओं ने प्रेरक विचार प्रस्तुत किए... जिसमें ब्रह्माकुमार महेश भाई ने कहा कि हमें मेरे को तेरे में, परिवर्तित कर देंगे तो हम बेफिक्र बादशाह बन सकते हैं.. वही सतनाम भाई ने बताया कि हमें सम्मान देना ही सम्मान लेना है कि... बच्चे हो या बड़े सभी को सम्मान प्यारा है सम्मान देना ही सम्मान लेना है संकल्प से सिद्धि विषय पर प्रकाश डालते हुए बीके आशीष भाई ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते हुए चुनौतियों का सामना करने के लिए राजयोग का अभ्यास करना आवश्यक है संकल्प में पावर होना आवश्यक है... और वह पावर हमें मेडिटेशन से मिलती है जिससे हमारी वाइब्रेशन प्योर एवं पॉजिटिव हो जाते हैं और संकल्प लेने के बाद हमें उस पर एक्शन लेना है... हम किसी से खुशी एवं प्रेम ना मांगे बल्कि स्वयं उसे क्रिएट करें ... हम अपना जीवन **खुशनुमा और प्रेम युक्त बनाएं**-दीनदयाल नगर सेवा केंद्र के योगेश भाई ने आध्यात्मिक गेम सभी को करवाएं... बी.के. अर्चना बहन ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया एवं मेडिटेशन का अभ्यास बीके मंजरी दीदी ने कराया...इस कार्यक्रम में स्पार्क विंग का प्रेजेंटेशन बी.के. बहनों ने दिया... जिसको काफी पसंद किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण भदौरिया, अनिल गौरव जिला मीडिया प्रभारी भाजपा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन बी.के. ज्योति बहन ने किया... कार्यक्रम में लगभग 5 सैकड़ा से अधिक लोग मौजूद रहे।

Aadhar
Housing Finance Ltd
GHAR BANEGA, TOH DESH BANEGA.
HOME LOAN | PLOT PURCHASE | TOPUP
HOME EXTENSION | LAP | PURCHAS + CONSTRECTION
Add. Alaknanda Tower - 2, City Centre, Gwalior
Contact : Mr. Santosh Singh Bhadoriya
9179661562

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478